संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 20 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 167 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group





हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए।

## वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा बने रॉ के नए चीफ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा को देश की खूफिया एजेंसी रॉ का नया चीफ नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। रवि सिन्हा, सामंत कुमार गोयल की जगह लेंगे, जिनका रॉ चीफ का कार्यकाल 30 जून को पूरा हो रहा है। रवि सिन्हा का कार्यकाल दो साल के लिए होगा। रवि सिन्हा फिलहाल कैबिनेट सचिवालय में विशेष सचिव के पद पर सेवा दे रहे हैं। कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने सिन्हा के नाम को मंजूरी दी है। रवि सिन्हा 1988 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। रवि सिन्हा से पहले सामंत गोयल का बतौर रॉ चीफ कार्यकाल कई उपलब्धियों भरा रहा। सामंत गोयल के रॉ चीफ रहते ही पाकिस्तान में बालाकोट एयरस्ट्राइक को अंजाम दिया गया।

## डीएमके नेता ने खुशबू सुंदर को बताया पुराना ढोल, अरेस्ट



**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**शिवाजी** कृष्णमूर्ति ने भाजपा महिला नेता और एक्ट्रेस खुशबू सुंदर को पुराना ढोल बताया। विवाद बढ़ने के बाद रविवार को उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। इसके कुछ घंटे बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले गई। शिवाजी ने 3 जून को डीएमके के पूर्व संरक्षक कलैगनार करुणानिधि के जन्म दिवस पर तमिलनाडु के गवर्नर आरएन रवी पर भी विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि हमने दो अन्य मंत्रियों को कुछ विभाग बांटे थे। गवर्नर ने कहा था यह गलत है। अगर वो (गवर्नर) कुछ कहते हैं तो उन्हें उस पर टिके रहना चाहिए। उन्होंने कहा था मंत्रियों के प्रपोजल को वो स्वीकार नहीं करेंगे।

## बिहार में 50 के लिए टोलकर्मी की पीट-पीटकर हत्या



**टीम एक्शन इंडिया/आरा**
**बिहार** में भोजपुर के टोल नाके पर तैनात उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि उसने 50 रुपए चुराए थे। हालांकि मृतक बलवंत सिंह के पिता का दावा है कि उनके बेटे को नाके पर तैनात हरियाणा के बाउंसर्स ने मारा है। वह भी इसलिए, क्योंकि वह कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के इलाके गोंडा का था और रेसलर्स के विवाद में बृजभूषण का पक्ष लेता था।
**रेसलर्स-बृजभूषण शरण को लेकर बलवंत का विवाद हुआ था:** इससे पहले मृत युवक के भतीजे दिलीप कुमार सिंह ने भी कहा था कि 4-5 दिन पहले बलवंत और बाउंसर्स के बीच रेसलर्स को लेकर विवाद हुआ था।

# अमेरिका ने पीएम मोदी के लिए बिछाया रेड कारपेट

### भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में निवेश चाहता है अमेरिका, 23 को अमेरिकी सीईओ से मोदी करेंगे मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार दिन की अमेरिका यात्रा के लिए बाइडन सरकार ने यूं ही नहीं रेड कारपेट बिछाया है। बाइडन सरकार को इस बात का पूरा अंदाजा है कि प्रधानमंत्री मोदी की एक हां भर से अमेरिका की लड़खड़ाती हुए अर्थव्यवस्था में न सिर्फ जबरदस्त उछाल आएगा। बल्कि अगले कई सालों के लिए अमेरिका को बड़ी आर्थिक बूस्टर डोज भी मिल जाएगी। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी की पहली राजकीय यात्रा को लेकर अमेरिकी सरकार में काफी उत्साह बना हुआ है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा से पहले देश के दो नेताओं को अमेरिका ने राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। दोनों यात्राओं के बाद अमेरिका ने भौगोलिक और आर्थिक स्थिति में मजबूत डील भी की थी। इसलिए अनुमान यही लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा के बाद इंडो-यूएस की कुछ प्रमुख डील के साथ भारत और अमेरिका एक नए रिश्तों की राह पर आगे बढ़ेंगे। फिलहाल 21 जून से शुरू होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अमेरिकी राजकीय यात्रा को लेकर दुनिया के कई ताकतवर देशों की निगाहें लगी हुई हैं।

**भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में निवेश चाहता है अमेरिका:** विदेशी मामलों के जानकारों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राजकीय यात्रा कई मामलों में बड़ी अहम होने वाली है।

अमेरिका को इस बात का अंदाजा है कि पूरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। अमेरिका ऐसे ही कई मुद्दों पर भारत के लिए रेड कारपेट बिछा कर इंतजार कर रहा है। सेंटर फॉर वर्ल्ड इकनॉमिक डाटा एंड एनालिसिस के डायरेक्टर अनुज पुरवार कहते हैं कि जिस तरीके से दुनिया की अलग-अलग टॉप रैंकिंग एजेंसियों की ओर से दुनिया के प्रमुख मुल्कों की अर्थव्यवस्थाओं की रैंकिंग की जा रही है, अमेरिका बहुत से मामलों में पिछड़ता हुआ नजर आ रहा है। अगले कुछ दशकों में जिस तरीके से भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के तौर पर देखा जा रहा है।




### 22 जून को व्हाइट हाउस में होगा मोदी का स्वागत

22 जून को व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधित्व स्तर की द्विपक्षीय बैठक होंगी। प्रधानमंत्री मोदी यूएस कांग्रेस को संबोधित भी करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रधानमंत्री मोदी के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। विदेश सचिव बताया कि 21 जून को पीएम मोदी वाशिंगटन डीसी में 'स्केलिंग फॉर फ्यूचर' पर आधारित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। 21 जून को ही अमेरिका के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी के बीच एक निजी मुलाकात होने की संभावना है।

### 23 जून को अमेरिकी सीईओ से मोदी करेंगे मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरा 21 जून से शुरू हो रहा है। पीएम मोदी का ये दौरा कई मायनों में काफी अहम माना जा रहा है। इस यात्रा के बारे में विदेश सचिव ने पीएम मोदी के पूरे शेड्यूल की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21-23 जून तक अमेरिकी यात्रा पर रहेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने पीएम मोदी के अमेरिकी यात्रा की जानकारी दी।



भारी बारिश के बाद राजस्थान के कई इलाकों में भरा पानी।

## सिक्किम में भारी बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड

**टीम एक्शन इंडिया/सिक्किम**
**पश्चिम** सिक्किम जिले में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड (भूस्खलन) की कई घटनाएं हुईं। इससे सौ से अधिक घरों तबाह हो गए। लगातार बारिश ने राज्य में कई सड़क, पुलिया को नुकसान पहुंचाया है। भारी बारिश के कारण कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अगले तीन दिनों के लिए पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश और आंधी के लिए नारंगी अलर्ट जारी किया गया है। खबरों के मुताबिक उत्तरे को सोपखा से जोड़ने वाली सड़क और दो पुल पूरी तरह से बह गए। आसपास की ट्राउट मछली और पोल्ट्री फार्म भी बह गए। इसी तरह, डेंटम को पेलिंग और ग्यालशिंग से जोड़ने वाली सड़क कालाज नदी में बह गई।

## गीता प्रेस गांधी शांति पुरस्कार लेगा, लेकिन सम्मान राशि नही

### मैनेजमेंट ने कहा- यह हमारी परंपरा नहीं, 100 साल में कभी आर्थिक मदद नहीं ली



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**शांति** पुरस्कार को तो स्वीकार करेगी, लेकिन एक करोड़ की सम्मान राशि नहीं लेगी। गीता प्रेस के बोर्ड ने इसका ऐलान सोमवार को किया। केंद्र सरकार ने 18 जून को गीता प्रेस को 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा की थी। गीता प्रेस के प्रबंधक लाल मणि तिवारी ने कहा, 'गीता प्रेस ने 100 सालों में कभी कोई आर्थिक मदद या चंदा नहीं लिया। इनके अलावा सम्मान के साथ भी मिलने वाली किसी तरह की धनराशि को स्वीकार नहीं किया।' उन्होंने इस सम्मान के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी का आभार व्यक्त किया। कहा, 'यह सम्मान हमारे लिए हर्ष की बात है। लेकिन, बोर्ड ने यह फैसला लिया है कि सम्मान के साथ मिलने वाली धनराशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा।'
**कांग्रेस ने कहा- यह फैसला उपहास भरा है:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्वीट में पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी द्वारा लिए गए फैसले को उपहास भरा बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला सावरकर और नाथूराम गोडसे को पुरस्कार देने जैसा है। पीएम मोदी ने रविवार को इस पुरस्कार के लिए गीता प्रेस को बधाई दी थी।

### गीता से प्रेरित होकर सेठ गोयंदका ने 1923 में खोला था प्रेस

**श्रीमद्भगवद्गीता** और रामचरितमानस को घर-घर में पहुंचाने का श्रेय भी गीता प्रेस को जाता है। गीता प्रेस के शुरू होने की कहानी बड़ी ही दिलचस्प है। बात 1920 के दशक की है। कलकत्ता के एक मारवाड़ी सेठ जयदयाल गोयंदका रोज गीता पढ़ते थे। 18वें अध्याय में गीता सार के रूप में लिखी एक बात उनके दिल को छू गई। ये बात यह थी, 'जो इस परम रहस्य युक्त गीताशास्त्र को मेरे भक्तों में कहेगा, वह मुझको प्राप्त होगा।' इसी के बाद लोगों के कहने पर गोयंदका ने अपनी व्याख्या को एक प्रेस से छपवाया, लेकिन उसमें भयंकर गलतियां देखकर वे दुखी हो गए।

## जगन्नाथ यात्रा 20 जून को, 25 लाख श्रद्धालु आएंगे



**टीम एक्शन इंडिया/पुरी**
**पुरी** में जगन्नाथ यात्रा की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। इसकी शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के प्रभु जगन्नाथ के नेत्र उत्सव से होगी। इस मौके पर जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के अलौकिक दर्शन होंगे। मंगलवार को प्रभु जगन्नाथ रथ पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान प्रशासन को 25 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। इसलिए 170 प्लाटून पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। पूरे शहर को 14 जोन, 29 सेक्टर में बांटा गया है। पुरी पुलिस ने मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं- 6370967100 और 06752-232551। जगन्नाथ मंदिर के देवी-देवताओं के 'नबजौबन' दर्शन की अनुमति तीन घंटे के लिए दी जाएगी।

## कनाडा में खालिस्तानी आतंकी की हत्या

### बाइक पर आए हमलावर, पार्किंग में मारी गोलियां, खालिस्तान टाइगर फोर्स का चीफ था हरदीप

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**खालिस्तानी आ**तंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। निज्जर आतंकी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स का चीफ था। वह कनाडा में रहकर लंबे समय से पंजाब में खालिस्तानी मूवमेंट को हवा दे रहा था। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, निज्जर को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरी स्थित गुरुनानक सिख गुरुद्वारा के पास 2 अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारी। निज्जर इस गुरुद्वारे का प्रधान भी था। बीती रात आतंकी निज्जर गुरुद्वारे से बाहर पार्किंग में अपनी कार में था। इसी दौरान 2 युवक मोटरसाइकिल पर आए और फायरिंग शुरू कर दी। निज्जर को कार से बाहर निकलने तक का समय नहीं मिला और वहीं उसकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, कनाडा पुलिस ने इस मामले में 2 पंजाबी और एक चीनी युवक को पकड़ा है। हालांकि, इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है। वह आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के मुखी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी भी था।
एनआईए ने हाल ही में 40 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उसमें भी निज्जर का नाम था। ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान के हक में रेफरेंडम करवाने में भी उसकी भूमिका थी।



**निशाना पर खालिस्तानी**

= वह कनाडा में रहकर लंबे समय से पंजाब में खालिस्तानी मूवमेंट को हवा दे रहा था, अज्ञातों ने गोली मारी

## मुस्लिम औरंगजेब के वंशज नहीं: फडणवीस

### 'औरंगजेब के हमदर्द कहां से आए, ये संयोग नहीं, प्रयोग था'



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भारत में कोई भी मुस्लिम औरंगजेब का वंशज नहीं है। देश में राष्ट्रवादी मुसलमान मुगल बादशाह को अपना नेता नहीं मानते हैं। औरंगजेब हमारे नेता नहीं है। हमारे राजा सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज हैं। फडणवीस ने कहा- राष्ट्रवादी मुसलमान औरंगजेब का समर्थन नहीं करते हैं। वे केवल छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना नेता मानते हैं। फडणवीस वे मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर अकोला में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र में औरंगजेब की तारीफ को लेकर लगे पोस्टर और स्टेटस पर भी फडणवीस ने सवाल किया। उन्होंने कहा- अकोला, संभाजीनगर और कोल्हापुर में जो हुआ वह संयोग नहीं, बल्कि प्रयोग था। राज्य में औरंगजेब के इतने हमदर्द कैसे आ गए?
**राष्ट्रवादी मुसलमान शिवाजी महाराज को अपना नेता मानते हैं:** फडणवीस ने कहा कि इस देश में राष्ट्रवादी मुसलमान औरंगजेब का समर्थन नहीं करते हैं। वे केवल छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना नेता मानते हैं। उन्होंने औरंगजेब के मकबरे पर जाने को लेकर वंचित बहुजन आघाड़ी के चीफ प्रकाश आंबेडकर पर भी निशाना साधा। उन्होंने उनसे पूछा कि ऐसा करने की क्या जरूरत थी?

**निशाना बनाया**

= देश में राष्ट्रवादी मुसलमान मुगल बादशाह को अपना नेता नहीं मानते हैं। औरंगजेब हमारे नेता नहीं है: डिप्टी सीएम

## 'महाराष्ट्र में सफल नहीं होंगे केसीआर'



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** में बीते कुछ वर्षों से तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपना दायरा बढ़ाने की कोशिश में जुटी है। इसे लेकर सोमवार को राकांपा नेता अजित पवार ने बीआरएस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इससे पहले मायावती और मुलायम सिंह यादव जैसे नेता भी महाराष्ट्र में पैर जमाने की कोशिश कर चुके हैं। लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली थी। पवार ने कहा कि शायद राव बीआरएस को तेलंगाना के बाहर फैलाना चाहते हैं और एक राष्ट्रीय नेता बनना चाहते हैं। क्षेत्रीय पार्टियां यह कर भी सकती हैं। पहले बसपा और सपा के कुछ विधायक चुने भी गए हैं। अजित पवार ने चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कहा, "राकांपा और अन्य पार्टियों के कुछ नेता बीआरएस में शामिल हो रहे हैं, लेकिन यह इस वजह से हो रहा है, क्योंकि ऐसे नेताओं को लगता है कि उन्हें अघाड़ी या भाजपा-शिवसेना गठबंधन में किसी न किसी वजह से टिकट नहीं मिलेगा।" पवार ने प्रचार के लिए लगाई गई होर्डिंग्स और टीवी एडवर्टाइजमेंट पर हुए खर्चे को लेकर भी सवाल उठाए।

## यूपी-बिहार में हीटवेव से जल्द मिलेगी राहत

### 10 राज्यों में बारिश का अलर्ट, असम में बाढ़ से 142 गांव डूबे, 1500 हेक्टेयर फसल बर्बाद

**टीम एक्शन इंडिया/पटना/लखनऊ**
**यूपी** और बिहार समेत देश के 10 राज्यों में हीटवेव से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात में बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के डायरेक्टर मृत्युंजय महापात्र ने बताया, मानसून पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के आसपास के क्षेत्र की ओर बढ़ गया है। अगले दो दिन इन राज्यों में बारिश की संभावना है। असम में ब्रह्मपुत्र नदी उफान पर है जिससे बाढ़ की स्थिति बन रही है। 33 हजार से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, बाढ़ के चलते 142 गांवों में पानी भर गया। पूरे असम में 1500 हेक्टेयर से ज्यादा फसल को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने राज्य में रेड अलर्ट जारी किया है और गुरुवार तक असम के कई जिलों में बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। सिक्किम में भी बारिश हो रही है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में पिछले 24 घंटे में बारिश जारी है।



**बरसो रे मेघा बरसो...**

= आईएमडी के डायरेक्टर मृत्युंजय महापात्र ने बताया, मानसून पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के आसपास के क्षेत्र की ओर बढ़ गया है

## कार के अंदर दम घुटने से 3 बच्चों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**
**महाराष्ट्र के** नागपुर में रविवार शाम को तीन बच्चों की कार के अंदर दम घुटने से मौत हो गई। तीनों बच्चे दोपहर से गायब थे। छानबीन में पुलिस को घर से 50 मीटर दूर एक रवश के अंदर उनके शव मिले। पुलिस के मुताबिक, फारुख नगर में रहने वाले तीन बच्चे तौफीक फिरोज खान (4), आलिया फिरोज खान (6) और आफरीन इरशाद खान (6) दोपहर को खेलने के लिए घर से बाहर गए थे। जब वे शाम तक घर नहीं लौटे तो माता-पिता ने पुलिस से संपर्क किया और अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। पचपौली थाने के पुलिस कर्मियों ने बच्चों की छानबीन शुरू की।

**जमकर हुई बारिश** | बांध-नहर टूटे, रेलवे ट्रैक बहा, मूसलाधार बारिश से बिगड़े हालात

## बिपरजॉय से राजस्थान में 4 मौत, 7 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**अरब सागर** से उठा चक्रवात 'बिपरजॉय' गुजरात के बाद राजस्थान में कहर बरपा रहा है। इसके असर से राज्य के कई इलाकों में 40 घंटे से बारिश जारी है, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बाड़मेर, सिरोही, बांसवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, पाली, अजमेर, कोटा सहित कई जिलों में तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इन जिलों के कुछ इलाकों में अब तक 10 से लेकर 13 इंच (एक फुट) तक बरसात हो चुकी है। जालोर जिले के सांचौर में सुरावा बांध टूटने से कई इलाके डूब गए हैं। बांध टूटने से नर्मदा लिफ्ट कैनाल में पानी बढ़ने से वह भी टूट गई है। अब सबसे ज्यादा खतरा सांचौर शहर पर मंडरा रहा है। शनिवार रात बांध टूटने की जानकारी मिलते ही पूरे शहर को खाली कराने की कोशिश की जा रही है। सांचौर शहर से बांध की दूरी 15 किलोमीटर है, वहीं कस्बे की आबादी 50 हजार है। शहर के साथ जयपुर संभाग के दौसा, अलवर जिलों में तेज बारिश से मौसम बदला है। बाड़मेर जिले के सेड़वा थाना इलाके गंगासरा गांव की नाड़ी (तालाब) में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। वहीं, राजसमंद के निकट बाघोटा गांव में चट्टान के नीचे दबने से युवक की मौत हो गई। राजसमंद के ही केलवा गांव में आज मकान का छज्जा गिरने से एक महिला की मौत हो गई। बिपरजॉय के कारण अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है।

जयपुर मौसम केंद्र ने कल टोंक, बूंदी, कोटा, बारां, दौसा, सवाईमाधोपुर और करौली में भारी बारिश की संभावना जताई है। इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ और धौलपुर के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।



**अलर्ट जारी**

= सुरावा बांध टूटने से कई इलाके डूब गए हैं। बांध टूटने से नर्मदा लिफ्ट कैनाल में पानी बढ़ने से वह भी टूट गई

# उद्योगपतियों के साथ बैठक कर दमकल अधिकारी ने सुनी समस्याएं

## उद्योग शुरू करने से पहले दमकल विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी कार्यालय में सोमवार को जिला दमकल अधिकारी राजेंद्र दहिया ने उद्योगपतियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। जिला दमकल अधिकारी ने उद्योगपतियों को बताया कि दमकल विभाग उद्योगपतियों को सुविधाएं देने के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि उद्योग शुरू करने से पहले दमकल विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है। इसके लिए दमकल विभाग द्वारा निर्धारित नियमों की अनुपालना करनी होती है। उन्होंने उद्योगपतियों को विभाग



के नियमों के बारे में अवगत भी कराया। उन्होंने कहा कि यदि इसके बावजूद एनओसी लेने में समस्याएं आती हैं तो उद्योगपति किसी भी समय उनसे सीधे मिल सकते हैं। इससे पहले एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी के प्रधान नवीन शर्मा, महासचिव हरप्रीत सिंह ने जिला दमकल अधिकारी राजेंद्र दहिया का बुके भेंट कर स्वागत किया। उद्योगपतियों के साथ बैठक करने के उपरांत जिला दमकल

**8 उद्योगपतियों को बताया कि दमकल विभाग उद्योगपतियों को सुविधाएं देने के लिए हमेशा तत्पर**

अधिकारी ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में नवनिर्मित दमकल भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी उपकरणों की जांच की जोकि सही पाए गए। उन्होंने एचएसआईआईडीसी बड़ी के अधिकारियों से लिखित में दमकल भवन को दमकल विभाग को हैंडओवर करने की भी मांग की।

# पशु पक्षियों को तपती गर्मी मे राहत देने हेतु वाटर पोर्ट सज्जा कार्यक्रम आयोजित

**8 अब सजे हुए पॉर्ट को बच्चों द्वारा पशु पक्षियों के लिए पानी भर का छत पर रखा जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**ईद्रीश फा**उंडेशन और एसोसिएशन फॉर एनिमल एंड एनवायरनमेंट केयर के संयुक्त तत्वाधान में पोर्ट सज्जा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक बच्चों ने भाग लेते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। अब सजे हुए पॉर्ट को बच्चों द्वारा पशु पक्षियों के लिए पानी भर का छत पर रखा जाएगा। जिससे कि गर्मियों में पशु पक्षियों को पानी के लिए दिक्कत ना हो। एसोसिएशन फॉर एनिमल एंड एनवायरनमेंट केयर की ओर से यह प्रयास पिछले काफी समय से किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस गतिविधि का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में सबसे सुंदर पोट सजाने वाले 10 बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन की ओर से नीलिमा, अश्मित, कृतिका, अभिषेक, सिमरनजीत कौर, सुखप्रीत कौर, हरमनजोत कौर, विश्वजीत सिंह, भानवी, हेमंत आदि ने सहयोग किया। बता दें कि इद्रीश फाउंडेशन





की तरफ से लगातार पहले भी प्रोजेक्ट सेवा की तरफ से इंसान और जानवरों की सहायता के लिए कई कदम उठाए गए हैं। जैसे कि लॉकडाउन में गरीब परिवारों को राशन देना, मजदूर परिवार को वॉटर बोतल वितरित करना, मेडिकल कैंप लगाना, ओल्ड एज होम में बुजुर्गों की सेवा या फिर बाढ़ के समय रोटी दान, कपड़ा दान या फिर पेड़ लगाना, इसी कड़ी में हमारी तरफ से एक कदम और उठाया गया। जब तपती गर्मी को देखते हुए बच्चों को जागरूक किया गया ताकि बच्चे अपने आस पास के पशु पक्षियों की देखभाल खुद करें, वॉटर पॉट को सजाकर बच्चों को पॉट दिया गया ताकि वे अपने घर के बाहर या छत पे पॉट लगाके उसमें दैनिक पानी भर सकें। जिससे कि तपती गर्मी में पशु पक्षियों को आसानी हो।

# भरपूर विकास व सामाजिक कार्य किये जाएंगे: संदीप गर्ग

## बाबैन में कई युवाओं व लोगों ने समाजसेवी संदीप गर्ग को सामाजिक कार्यो को लेकर किया सम्मानित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन,(दलबीर मलिक)**
स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा लाडवा हल्के में करवाए जा रहे हैं अनेक सामाजिक कार्यो से प्रेरित होकर सोमवार को बाबैन में कई युवा व लोग समाजसेवी संदीप गर्ग से मिले और फूल गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।
तरसेम कुमार, राजेश कुमार, प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार, राजिन्द्र, राजकुमार, बलविन्द्र सिंह, राहुल, मनप्रीत कौर, ममता रानी, अरूण आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो जनहित के कार्य करवाए जा रहे हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लाडवा हल्के में चार रसोई चलाई जा रही है। इसके अलावा एक मेडिकल वैन, एंबुलेंस वैन, कई सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं और कई खेल नर्सरी भी गोद ली गई है। जिससे कि बच्चे खिलाड़ी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जितने भी लाडवा हलके की जनता

**8 बाबैन में कई युवा व लोग समाजसेवी संदीप गर्ग से मिले और फूल गुच्छ देकर उनका स्वागत किया**

के हित के कार्य करवाए जा रहे हैं उतने आज तक किसी भी नेता या समाजसेवी द्वारा नहीं करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को समाजसेवी संदीप गर्ग का साथ देना चाहिए। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यदि लाडवा हल्के की जनता ने उन्हें 2024 के विधानसभा चुनावों में लाडवा हल्के का विधायक बनाया तो वह सोच भी नहीं सकते कि हल्के के लिए वह कितने कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके दिमाग में अनेक योजनाएं हल्के के लोगों को लेकर चल रही है। जिन्हें जल्द ही शुरू किया जाएगा और उनके द्वारा जो भी जनहित के कार्य करवाए जा रहे हैं वह लाडवा हलके की जनता को अपना परिवार मानते हुए उनके लिए करवाए जा रहे हैं। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# वात्सल्य वाटिका में तीन दिवसीय शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी , अमीन रोड , कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का उद्घाटन वात्सल्य वाटिका संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी ने किया । शिविर में विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी और विद्यालय बच्चों ने भाग लिया । विद्यालय आचार्य परिवार ने अपने घर पर रहकर ही योग आसन का अभ्यास किया । वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी ने कहा कि हम सभी को योग आसन को अपने जीवन में



डालना चाहिए। आसन करने से शरीर में चुस्ती फुर्ती रहती है । शरीर में लचीलापन आता है । एक अकेले सूर्य नमस्कार करने से उसमें सभी आसन आ जाते हैं , सही हो शरीर में लचक हो । विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने कहा पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है । योग आसन हम किसी के लिए नहीं करते बल्कि अपने शरीर के लिए करते हैं।

# खुरचन खाने के चक्कर में दुष्यंत चौटाला: सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कांग्रेसी नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि चार साल मलाई खाने के बाद दुष्यंत चौटाला अब खुरचन खाने के चक्कर में हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी अब दुष्यंत चौटाला को खूरचन देने के मूड में भी नहीं है। जिस तरह से पिछले एक महीने से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और भाजपा के प्रभारी विप्लव देव कह रहे हैं कि अब उन्हें जेजेपी के समर्थन की जरूरत नहीं है भाजपा आजाद विधायकों



के समर्थन से भी सरकार चला सकती है और इसका उदाहरण सामने भी आया जब भाजपा प्रभारी ने आजाद विधायकों से मुलाकात की और बयान दिया कि उचाना से भाजपा की उम्मीदवार प्रेमलता होगी। उस पर भी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला अपनी कड़ी प्रक्रिया न देकर टालमटोल कर गए ताकि वह सरकार के साथ चिपके रहे। शर्मा ने बताया कि कल सिरसा में अमित शाह की रैली थी उस रैली में भाजपा ने अपने सहयोगी दुष्यंत चौटाला को निमंत्रण नहीं दिया।

# कहासुनी में व्यक्ति को किया घायल

**गन्नौर।** नयाबांस गांव में सब्जी बेचने वाले के साथ एक व्यक्ति की कहासूनी क्या हुई कि सब्जी बेचने वाले ने अपनी पत्नी व सहयोगियों के साथ उसके घर मे घुसकर नुकीले हथियार से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल के भाई की पत्नी नीलम की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नीलम ने बताया कि उसका जेठ हरि किशन खाद का कट्टा लेकर घर जा रहा था,गली तंग होने के कारण सब्जी बेचने वाले अंकित के थ्री व्हीलर को लगकर कट्टा जमीन पर गिर गया।

# छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में योग मैराथन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष में वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अम्बाला छावनी से योग मैराथन का आयोजन किया गया। योग मैराथन को एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां पहुंचने पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा0 शशिकांत शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।
योग मैराथन में खिलाडि?ों के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों व आम नागरिकों ने भाग लेकर योग की महत्वता बारे सभी को संदेश



देने का काम किया। योग मैराथन वार हीरोज मैमोरियल स्टेडियम अम्बाला छावनी से शुरू होकर विजय रत्न चौक, राय मार्किट, बैंक रोड, रेलवे रोड़ व अग्रसेन द्वार से होते हुए वापिस स्टेडियम में सम्पन्न हुई। योग मैराथन के दौरान खिलाडियों व स्कूली विद्यार्थियों ने हाथों में करें योग रहें निरोग, योग है जीवन का ज्ञान आदि स्लोगन लिखी हुई पट्टिकाएं लेकर चल रहे थे। इस मौके पर एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने कहा कि योग को हमें अपनी दिनचर्या

**8 21 जून को योग दिवस वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अम्बाला छावनी में आयोजित होगा**

में शामिल करना चाहिए। योग करके हमें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज योग मैराथन के माध्यम से योग की महत्वता को जो संदेश दिया है, उसें हमें आत्मसात करने की आवश्यकता है।
उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि 21 जून को जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अम्बाला छावनी में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा योग दिवस के अवसर पर दिये जाने वाले संदेश का भी सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।
इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. शशिकांत शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, बीईओ रेनू अग्रवाल, श्याम अरोड़ा, कोच राम शर्मा के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# योग मैराथन से युवाओं का सर्वांगीण विकास संभव: सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि योग मैराथन जैसे कार्यक्रमों में भाग लेने से युवाओं का मानसिक और सर्वांगीण विकास संभव है। इस प्रकार के कार्यक्रमों में हमेशा भाग लेने का प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार की प्रतिस्पधाओं में हार-जीत से ज्यादा भाग लेना ज्यादा महत्वपूर्ण रहता है। इस योग मैराथन को लेकर पुरुष और महिला वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिला है। विधायक सुभाष सुधा सोमवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला प्रशासन, आयुष विभाग और खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित योग मैराथन के शुभारंभ अवसर पर



बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, एसडीएम सुरेंद्र पाल, नगराधीश हरप्रीत कौर ने महिला एवं पुरुष वर्ग की मैराथन को अलग-अलग ग्रुपों में हरी झंडी देकर रवाना किया। इस मैराथन में सैंकड़ों में खिलाड़ी सुंदरपुर पुल, ब्रहमानंद चौंक, बीआर इंटरनेशनल चौंक, मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर से होती हुई ब्रहमसरोवर दक्षिण द्वार पर सम्पन्न हुई। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रशासन की तरफ से रिफ्रेशमेंट भी वितरित की गई। विधायक सुभाष सुधा ने मैराथन के लडकों के वर्ग में प्रथम स्थान पर आने वाले रवि जटवीरा, द्वितीय मोहित, तृतीय रोहन कुमार और लड़कियों के वर्ग में प्रथम स्थान पर आने वाली अंजलि, द्वितीय नवजौत, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली समीक्षा को सम्मानित करते हुए कहा कि योग मैराथन में लडकों और लड़कियों में खासा उत्साह देखने को मिला है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से न केवल भाईचारे की भावना पैदा होती है, अपितु युवाओं के व्यक्तित्व में भी निखार आता है। एसडीएम सुरेंद्र पाल और सीटीएम हरप्रीत कौर ने भी मैराथन के विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सुदेश जाटियान ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया और डीएसओ सतेंद्र सिंह ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

# दो परिवारों में झगड़े के चलते कई लोग चोटिल

**गन्नौर।** बाय गांव में गली में टेम्पो व मोटरसाइकिल की ट्राली खडी करने को लेकर दो परिवारों में झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक परिवार के लोगों व उसके सहयोगियों ने दूसरे परिवार के घर मे घुसकर लाठी डंडों से पीटकर कई लोगों को घायल कर दिया।
पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित अमित ने बताया कि वो सब्जी का काम करता है और तीन दिन पहले ही मोटरसाईकिल वाली रेहड़ी ली है। जिसको घर के बाहर गली मे खड़ी करता हूं। पड़ोसी रवि व अनिल ऑटो चलाते है वे भी अपने ऑटो गली मे खड़े करते है। उन्होंने बताया कि आगे गली मे दूसरा व्हीकल जाने के लिए हम अपनी रेहड़ी हटाते है या उक्त दोनों को अपनी ऑटो हटानी पड़ती है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर बांटे फल

**8 पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपना जन्म दिवस इस वर्ष सादगी पूर्वक मनाने का निर्णय लिया था**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के 53वें जन्मदिन पर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने दर्जनों पीड़ितों, बेसहारों, मजदूरों को गांधी पार्क में फल वितरित किए। इसके अलावा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण भी किया। कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष निशी गुप्ता व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने



अपना जन्म दिवस इस वर्ष सादगी पूर्वक मनाने का निर्णय लिया था और देश के सभी कार्यकर्ताओं से भी कहा था कि उनका जन्म दिवस बिल्कुल सादगी पूर्वक मनाया जाए। इसके मद्देनजर जरूरतमंदों को फल वितरित कर उनका जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अश्वनी शर्मा, शगुफ्ता, आशीष शर्मा, रेणू मदान, कमलेश धीमान, सनी सिंह, परमजीत आदि मौजूद रहे।

# युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं परम्परा से जुड़ने की जरूरत : डॉ. गोयल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, हरियाणा प्रांत एवं श्रद्धा मंदिर विद्यालय, सेक्टर 87, ग्रेटर फरीदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में देशभक्ति गीत, भजन एवं कविता का मासिक ऑनलाइन कार्यक्रम ज्ञानोत्सव हरियाणा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा बोर्ड, हरियाणा के सचिव डॉ. राजेश गोयल ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, सभ्यता व परम्परा से जुड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव को दूर करने के लिए ऐसे कार्यक्रम से नवीन उर्जा का संचार होता है। प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा के संवर्धन तथा विश्व गुरू के मार्ग पर प्रशस्त होने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम नितांत आवश्यक है।
कार्यक्रम में संयोजिका की भूमिका में निरुपमा कोहली, अंबाला से रही। डॉ. विवेक कोहली, प्राचार्य, सोहन लाल डीएवी शिक्षण महाविद्यालय, अंबाला द्वारा सरस्वती वंदना से शुरूआत हुई।
विशिष्ट अतिथि डॉ गजराज सिंह आर्य, प्रधानाचार्य श्रद्धा मंदिर विद्यालय, सेक्टर 87, ग्रेटर फरीदाबाद ने कहा कि राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण तथा नैतिक विकास के लिए विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार पर बल दिया जाना चाहिए। सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी आर्य चंद्रकांता क्रान्ति ने कहा कि अनमोल कविता के माध्यम से मनुष्य के कर्मों के बारे में बताया। डॉ. सुमिता



शर्मा ने भगवान कृष्ण को भजन सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में छात्रा चहक गुप्ता ने अच्चुतम केशवं कृष्ण दामोदरं, भाविका ने एक दयानंद जरूरी है अभी तथा छात्रा साक्षी ने मुझे तुमने दाता बहुत कुछ दिया है तेरा शुक्रिया है, गीत गाकर सभी को आनन्द विभोर कर दिया। प्रो. हितेंद्र त्यागी, हरियाणा प्रांत संयोजक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने सभी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि देशभक्ति गीत एवं भजन का अगला मासिक ऑनलाइन कार्यक्रम जुलाई 2023 में सायं 6 से 7 बजे तक होगा। उन्होंने न्यास के विषयों तथा आयामों के बारे में बताया। डॉ. दीपक वशिष्ठ, प्राध्यापक गणित, राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरीदाबाद ने सभी का स्वागत किया तथा कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। डॉ. विवेक कोहली, डॉ. सुमिता शर्मा, डॉ. पुनीत बंसल, आरती डागर, अंजू चौधरी, चंद्रकांता क्रान्ति, डॉ. गजराज सिंह आर्य, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. विकास पोपली, अनिल शर्मा, अमित भटनागर, विजय जांगडा, कमलजीत कौर, सोनिया, शिल्पी सिंह सहित सभी विषयों के संयोजक व सह-संयोजकों ने भाग लिया।




# हरियाणा राज्य में ₹3835 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## दिल्ली से पानीपत तक 8 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर 11 फ्लाईओवर्स का लोकार्पण

(NH-44, कुल लम्बाई–24 किमी, कुल लागत ₹890 करोड़)

सुबह: 11:00 बजे । स्थान: नई अनाज मण्डी, सोनीपत, हरियाणा

## करनाल ग्रीनफील्ड 6 लेन रिंगरोड परियोजना के निर्माण कार्य का शिलान्यास

(कुल लम्बाई–35 किमी, कुल लागत ₹1690 करोड़)

दोपहर: 02:30 बजे । स्थान: ग्राम कुटैल, करनाल, हरियाणा

## अंबाला ग्रीनफील्ड 6 लेन रिंगरोड परियोजना का शिलान्यास एवं अंबाला से साहा तक 4 लेन NH-444A का लोकार्पण

(कुल लम्बाई–38 किमी, कुल लागत ₹1255 करोड़)

शाम: 06:00 बजे । स्थान: ग्राम मोहड़ा, NH-44, अंबाला, हरियाणा

### परियोजनाओं के लाभ

- दिल्ली से पानीपत तक यह कॉरिडोर हरियाणा, पंजाब, और जम्मू–कश्मीर के आर्थिक नोड्स को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।
- दिल्ली से पानीपत तक यह राजमार्ग औद्योगिक क्षेत्रों के साथ कृषि क्षेत्रों को जोड़ेगा, जिससे माल और अन्तिम उत्पात के ढुलाई में आसानी होगी।
- करनाल के रिंग रोड के पूर्ण होने से शहरों में लगने वाले जाम से राहत तथा बड़े वाहनों को बायपास करेगा जिससे शहरी क्षेत्रों को जाम मुक्त करेगा।
- अम्बाला के रिंगरोड के निर्माण से अंबाला कैन्ट एवं भीड–भाड़ वाले शहर को बायपास करेगा जिससे यातायात में सुगमता मिलेगी।
- दिल्ली–पानीपत कॉरिडोर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल एवं जम्मू–कश्मीर में आने–जाने वाले पर्यटकों को आवागमन में सुगमता।
- पर्यावरण की सुरक्षा के लिए इस परियोजना में औद्योगिक अपशिष्ट जैसे फ्लाई ऐश और प्लास्टिक कचरे का उपयोग कर वर्षा जल संचयन प्रणाली विकसित की गई है।

## नितिन गडकरी

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार

के कर–कमलों द्वारा

एवं

## मनोहर लाल

मुख्यमंत्री, हरियाणा

की अध्यक्षता में

दिन: मंगलवार, 20 जून 2023

### गरिमामयी उपस्थिति

**जन. (डॉ.) वी.के. सिंह** (से.नि.)
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं नागरिक विमानन राज्यमंत्री, भारत सरकार

**दुष्यंत चौटाला**
उप मुख्यमंत्री
हरियाणा

**अनिल विज**
गृह, स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं अनुसंधान आयुष मंत्री, हरियाणा

**रमेश चन्द्र कौशिक**
सांसद, लोकसभा
सोनीपत

**संजय भाटिया**
सांसद, लोकसभा
करनाल

cbc 37107/15/0009/2324

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag
• लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत • लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
• लगभग 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण
इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं,
राष्ट्र का निर्माण भी

## न्यूज फ्लैश

### वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एंटी** ऑटो व्हीकल थेफ्ट व थाना शहर की टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से तीन एक्टिवा और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई। पुलिस टीम ने गत दिवस दो आरोपियों राहुल कुमार पुत्र राजपाल व अरमान पुत्र राजबीर वासियान शामगढ़ जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर कुंजपुरा रोड कलवेहडी मोड से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा थाना शहर व सिविल लाईन के एरिया से मोटरसाईकिल व एक्टिवा चोरी कीचार वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। जिस पर आरोपियो के कब्जे से दो एक्टिवा व दो मोटरसाईकिल बरामद की गई। वहीं थाना शहर की टीम द्वारा आरोपी ईश्वर पुत्र रोशनलाल वासी पुण्डरक जिला करनाल को चोरी की एक एक्टिवा सहित पानीपत रामलाल चौक से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा 16 जून को थाना शहर के एरिया पुरानी सब्जी बंसल स्टोर के पास से एक्टिवा चोरी की वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया।

### गेहूं चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस के थाना असंध के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी जलमाना की टीम द्वारा नशा करने के लिए घर में घुसकर करीब दो क्विंटल गेंहू चोरी की वारदात को अजाम देने वाले दो आरोपियों बिट्टू पुत्र कृष्ण व बिज्जू पुत्र बलदेव वासियान गांव चोर कारसा जिला करनाल को उनके गांव से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुलासा किया गया कि वह शराब का नशा करने के आदी हैं। शराब का नशा करने के लिए उनके पास रुपए खत्म हो गए थे। जिसके लिए उन्होंने उक्त वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने गेहूं को बेच दिया था। इसके बाद आरोपियो के कब्जे से बेचे गए गेहूं की नकदी बरामद की गई। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार वासी गांव उपलानी द्वारा दोनों आरोपियों पर चोरी करने का शक जाहिर करते हुए एक शिकायत पुलिस चौकी जलमाना में दी थी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# विज ने योग दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्तों के साथ की समीक्षा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज ने सोमवार को विडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर जिलों में की गई तैयारियों, की उपायुक्तों के साथ समीक्षा की। वीसी में मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल, एसीएस जी. अनुपमा, आयुष विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. साकेत कुमार तथा हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य भी उपस्थित हुए। करनाल से उपायुक्त अनीश यादव, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, नगराधीश अमन कुमार तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. सतपाल जास्ट वीसी में शरीक हुए। स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र



महासभा में एक प्रभावशाली भाषण के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की नींव रखी गई थी। इसके बाद इसे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा डे घोषित किया गया। इस वर्ष 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है, जो हर साल की तरह विश्व स्तर पर और भारत देश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसका थीम वसुधैव कुटुम्बकम तथा टैगलाईन हर घर-आंगन योग लिया गया है।
योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार- उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। इसे देखते प्रदेश के हर गांव में व्यायाम शालाएं खोले जाने का संकल्प लिया गया है और अब तक 600 व्यायाम शालाएं खोली जा चुकी हैं। इसी प्रकार 900 योग सहायकों की नियुक्ति भी की गई है। यह सभी 21 जून के कार्यक्रमो में शरीक होंगे। योग दिवस की टैगलाईन, हर घर-आंगन योग पर चर्चा करते उन्होंने कहा कि यह इस कार्यक्रम में तमाम लोगों के शामिल होने की आवश्यकता को दशार्ता है। इसीलिए सभी जिलो में इस कार्यक्रम को बड़े उत्साह और अच्छी-खासी भागीदारी के साथ मनाया जाना चाहिए। सभी पंचायतों में भी योगा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से एक पत्र भी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के जरिए सभी पंचायतों को प्रेषित किया गया है, जिसमें हर गांव-हर घर तक सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया है। पत्र में वर्णित संदेश में प्रधानमंत्री की ओर से कहा गया है कि आज की आपाधापी और तेज भागती जिंदगी में योग, मन, शरीर और बुद्धि हो जोडकर व्यक्ति के जीवन में शांति लाता है। समूचित दुनिया एक वैश्विक गांव में बदल रही है, ऐसे में भारत की पावन धरा से निकला योग मानवता के लिए एक वरदान बनकर लोगों को जोडने का कार्य कर रहा है। योग विश्व बंधुत्व के हमारे दर्शन व व्यवहार का प्रतिबिंब है। स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री ने उपायुक्तों से कहा कि जिला, खंड और ग्रामीण स्तर पर योगा के सभी कार्यक्रम भव्य रूप से होने चाहिएं। कार्यक्रम में प्रातः पहले प्रधानमंत्री और फिर मुख्यमंत्री हरियाणा का लाईव संदेश टैलीकास्ट होगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमो में बिजली, पानी, ध्वनि, बैठने व योगा प्रदर्शन के लिए मैट और सफाई की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए।

## केंद्रीय राजमार्ग मंत्री का स्वागत करने को तैयार है करनाल की जनता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करने के लिए करनाल की जनता तैयार बैठी है। मंगलवार को गांव कुटेल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री करनाल ग्रीनफील्ड 6 लेन रिंगरोड परियोजना के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहेंगे। जगमोहन आनंद ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार लगातार एक्सप्रेस-वे और बड़े-बड़े हाईवे की सौगात दे रही है। केंद्रीय सडक एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एक दूरगामी सोच के साथ राजमार्गों को लेकर कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को इस परियोजना का शिलान्यास हो रहा है। हमारे लिए गौरव की बात है कि हरियाणा राज्य में 3680 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास हो रहा है।

# केंद्र सरकार क 9 वर्ष पूरे होने पर कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे नितिन गडकरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भाजपा जि**लाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि केंद्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को करनाल में भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। केंद्रीय मंत्री दोपहर 2 बजे स्थानीय मंगलसैन सभागार में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उनके विचार सुनने के लिए पहुचेंगे। इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने



सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूरे कर लिए हैं। सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने महासंपर्क अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करनाल पहुंच रहे हैं। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर उनके विचारों को सुनें।
**प्रधानमंत्री मोदी ने बदली देश की सूरतः** भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन योजना के तहत 48 करोड़ खाते खोले गए। हर व्यक्ति के पास अपना घर हो, इस सपने को साकार करते हुए साढ़े 3 करोड़ पक्के घर आम लोगों को दिए गए हैं। गांव में हर घर में टॉयलेट की सोच को आगे बढ़ाते हुए 12 करोड़ शौचालय का निर्माण करवाया गया है। हर घर में नल और नल से शुद्ध जल के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने साढ़े 3 वर्ष में 12 करोड़ नल देने का काम पूरा किया। प्रधानमंत्री ने उज्जवला योजना के तहत 9 करोड़ 60 लाख कनेक्शन पूरे देश में दिए। 27 करोड़ महिलाओं मुद्रा लोन के माध्यम से लाभान्वित किया। भारत में 2014 से पहले महज 7 एम्स थे, जबकि 9 साल के कायार्काल में भारत में 15 नए एम्स खोले गए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी बेहतर कार्य कर रही है। हरियाणा में आज बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही हैं। इसके अतिरिक्त परिवार पहचान पत्र से पारदर्शिता आई है। आज यह स्थिति है कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उत्साह के साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व विधायक रमेश कश्यप, भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद भगवान दास अघी, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल, निरूपमा सदर, सोनिया पंडित, पवन वालिया, अनिल गांधी, हरपाल कलामपुरा, श्याम सिंह चौहान, डा. राजेश आनंद, भाजपा मीडिया प्रमुख डा.अशोक कुमार एवं प्रकोष्ठ व विभाग के जिला सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्राणायाम करने से शरीर, मन और आत्मा की बढ़ती है शक्ति : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
फव्वारा पार्क सेक्टर-12 में लगाए जा रहे चार दिवसीय विशेष योग शिविर में मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस अभियान के तहत इस शिविर में सैकड़ों लोग प्रतिदिन भाग ले रहे हैं और योग द्वारा स्वस्थ हो रहे हैं। साथ ही कई तरह की बीमारियों से भी मुक्त हो रहे हैं। उन्होंने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए इसके फायदे बताए। योग साधकों ने उनके निर्देशन में हर क्रिया का जोरदार अभ्यास



किया। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करने से शरीर पूरी तरह से ऊजार्वान बनता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के आसन ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, पादहस्तासन आदि का अभ्यास करने से शरीर की एकाग्रता बढ़ती है। शरीर का संतुलन बना रहता है और हड्डियों को मजबूती मिलती है।

## जिलाधीश ने निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन उड़ाए जाने पर लगाई पाबंदी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिलाधीश अनीश यादव ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित कर केंद्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के 20 जून को करनाल में होने वाले दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन को उड़ाए जाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। आदेशों के तहत केंद्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री द्वारा विभिन्न कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा कारणों के मद्देनजर एक किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र में ड्रोन (यूएवी) की उड़ान प्रतिबंधित रहेगी।

## गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा टी विद गुदगुदी आयोजित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
गुदगुदी जंक्शन समूह कुरुक्षेत्र द्वारा रेलवे रोड स्थित एक निजी होटल में टी विद गुदगुदी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौली गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में करनाल युनिट का विस्तार करते हुए सतीश जोशी को नीलोखेड़ी और नरेश धवन को घरौंडा ब्लॉक इंचार्ज नियुक्त किया गया, जबकि प्रो. जोगिंद्र सिंह मदान और देवेंद्र सचदेवा मार्गदर्शक मंडल सदस्य बनाए गए। करनाल यूनिट इंचार्ज पुनीत बजाज ने अपनी टीम सहित कुरुक्षेत्र व कैथल से आए पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान सभी सदस्यों ने समूह द्वारा संचालित 18 ग्रुपों बारे विस्तार से चर्चा करते हुए अपने-अपने सुझाव दिए। ग्रुप संस्थापक सदस्य स्व. संजय बतरा को श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके स्थान पर रमन बतरा को नियुक्त किया गया। संरक्षक जितेंद्र बंसल ने ग्रुप की उपलब्धियां और आगे की योजनाएं बताई। इस दौरान ग्रुप सक्रियता में कैथल यूनिट प्रथम, कुरुक्षेत्र द्वितीय एवं करनाल यूनिट तृतीय घोषित की गई, जबकि पुनीत बजाज करनाल एवं नरेश शर्मा कैथल सर्वश्रेष्ठ इंचार्ज घोषित किए गए। ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य डॉ. जोगिंद्र मदान ने कहा कि व्हाटसऐप ग्रुपों में गुदगुदी जंक्शन एक सफल प्रयास है, जिसके सभी 18 ग्रुप मनोरंजक होने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक, व्यवसायिक व पारिवारिक हैं। सतीश जोशी ने कहा कि आज के इस दौर में जहां सोशल मीडिया के माध्यम से फेसबुक और व्हाटसएप पर हजारों लोग एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, परन्तु वास्तविकता में कुछेक लोग ही एक दूसरे को व्यक्तिगत रूप से जानते होंगे।

## 'एमआई पायलट प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य फसल में बढ़ोतरी'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
मिकाड डिविजन करनाल द्वारा सोमावर को जिले के गांव सालवन में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकारी अभियन्ता हरिदेव काम्बोज ने बताया कि एमआई पायलट प्रोजेक्ट 7700-एल सलवान माइनर का कार्य वर्ष 2017 में मिड डिविजन करनाल को आबंटित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस पायलट प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य फसल में बढ़ोतरी है, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी व जल उपयोग दक्षता में सुधार होगा।



यह परियोजना राज्य सरकार का भी एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसकी सफलता ही भविष्य में आने वाले नहर आधारित एमआई प्रोजेट को बढ़ावा देगी। इस प्रॉजेक्ट का कार्य एजेंसी जैन इरिगेशन प्रा. लिमिटेड द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत असंध ब्लॉक के गांव सालवन के किसानों को लाभ मिला है, जिसका लाभान्वित क्षेत्र 203 हेक्टेयर है। इस परियोजना के अंतर्गत पानी को उपलब्धता सीजन के दौरान लगभग 180 दिन रहेगी और इस परियोजना की प्रतिदिन कार्य क्षमता 14 घंटे है। उन्होंने बताया कि परियोजना का कार्य 14 अक्तूबर 2019 को पूरा किया गया था। अब उक्त परियोजना संबंधित जल समिति को सौंप दिया गया है हरिदेव कांबोज ने बताया कि अब इस प्रोजेक्ट की सारी जिम्मेदारी जल समिति की रहेगी। सुक्ष्म और फव्वारा सिंचाई पद्यति के प्रति जागरूक करने का कार्य भी जल समिति द्वारा किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को खंड स्तर पर मनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस को खंड स्तर पर मनाने के लिए उपमण्डल घरौण्डा द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। घरौण्डा की अनाज मण्डी में 21 जून को खण्ड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में घरौण्डा के विधायक हरविन्द्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। घरौंडा की एसडीएम अदिति ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सोमवार को घरौण्डा की अनाज मण्डी में प्रातः 7 बजे रिहर्सल हुई। इसमें आयुष विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग, पतंजलि योग समिति सहित घरौण्डा की अन्य योग संस्थाएं शामिल हुई।



रिहर्सल के दौरान सभी द्वारा योग क्रियाएं की गई व सभी वर्ग आयु के लिए योग प्रतियोगिता करवाई गई। विजिताओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल पुरस्कार के रुप में वितरित किए गए। राष्ट्रगान के साथ रिहर्सल का कार्य पूर्ण किया गया। एसडीएम ने घरौण्डा निवासियों को 21 जून को योग कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

## 'गडकरी आज 6 लेन रिंग रोड प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**केंद्रीय स**डक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 20 जून को दोपहर 2 बजे भारत माला के करनाल ग्रीन फील्ड 6 लेन रिंग रोड प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन कुटेल मोड के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप- मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा स्थानीय जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को विधायक हरविन्द्र कल्याण, उपायुक्त अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने संयुक्त रूप से शिलान्यास समारोह स्थल



पर प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के बनने से जिला में विकास का एक नया आयाम स्थापित होगा और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा शहर में लगने वाले जाम से राहत और बड़े वाहनों को बायपास करेगा जिससे शहरी क्षेत्रों को जाम मुक्त करेगा। यह करनाल की जनता के लिए बहुत बड़ी सौगात हैं। बता दें कि कुटेल से प्रारंभ होकर नजदीक शामगढ़ तक बनने वाला करनाल ग्रीन फील्ड 6 लेन रिंग रोड साढ़े 34 किलोमीटर लंबा होगा और यह जिले के 23 गांवों से होकर गुजरेगा। केंद्र और राज्य सरकार दोनों की तरफ से आधा-आधा पैसा खर्च किया जाएगा। इस पर लगभग 1700 करोड रुपये खर्च होंगे। करनाल जिले का ये सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। इसके पूरा होने पर जिले के लोगों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को भी इसका फायदा होगा। 6 लेन का रिंग रोड बनने से जीटी रोड पर भी ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इंद्री, कुंजपुरा और यूपी से आने वाले लोगों को शहर में आने की जरुरत नहीं पड़ेगी।
इस रिंग रोड के करनाल का गांव कुंजपुरा, सुभरी, छपराखेड़ा, सुहाना, शेखपुरा, रांवर, गंजोगढ़ी, बड़ौता, कुटेल व ऊंचा समाना है और घरौंडा का गांव खरकाली, झिमरहेड़ी, समालखा व बीजना सहित 23 गांव शामिल हैं।

## संपादकीय

# योग से जीवन को स्वस्थ व शक्तिशाली बनाएं

**योग** स्वयं के माध्यम से स्वयं की यात्रा है' अवार्चीन भारतीय दर्शन शास्त्र की पाठशाला में एक महत्वपूर्ण एवं अद्भुत पाठशाला योग भी है' योग शब्द मूलतः संस्कृत की भाषा से उपजा शब्द है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द 'युज,से हुई है इसके दो अर्थ है पहला अर्थ जोड़ना तथा दूसरा बहुत ही वृहद व्यापक शब्द अनुशासन है। योग से उसके अभ्यास के कारण शरीर तथा मस्तिष्क में एक सामंजस्य और संबंध बन जाता है, जिससे मस्तिष्क शांत तथा अनुशासित रहता हैं। यह व्यायाम का ही एक अंग है,जिससे शरीर तथा मन नियंत्रित रह कर जीवन को परिस्थितियों के अनुकूल एवं सफल बनाता है। योग स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक प्रकार की यौगिक औषधि है, वह हमारे शरीर के काम करने के तरीकों को धीरे-धीरे बेहतर कर शिथिल अंगों को स्वयं हल्के हल्के ठीक कर देता है। निरोगी काया श्रेष्ठ जीवन का वरदान होती है। यदि आप निरोगी और स्वस्थ हैं तो आप सफलतम व्यक्ति बन सकते हैं धन लिप्सा आकांक्षा लालच से योग मुक्त कर एक खुशनुमा जीवन जीने की जीजिविषा तथा जुजुस्ता पैदा करता है। योग जीवन की एक कला है जो वर्तमान परिवेश में और भौतिक जगत में अत्यंत प्रासंगिक भी है। योग हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एक सशक्त माध्यम है हम सबको, आपको लगता है कि आज के आधुनिक जीवन में हमें एक बहुत अस्त व्यस्त तथा मानसिक असंतुलन वाली जीवन शैली मिली है। यह सभी अनियमित भोजन की आदतों, अभाव या अनुचित नींद या लंबे समय तक कठोर श्रम करने के कारण प्राप्त हुई है। नई पीढ़ी के बच्चे, युवा स्वस्थ जीवन शक्ति सार्वजनिक लचीलापन ऊर्जा और रोगों के लिए प्रतिरोधात्मक क्षमता की खोज में लगे हुए है,और सही सहीं माना जाए तो इन सब का जवाब योग अभ्यास में ही है। योग के आसन प्राणायाम और ध्यान से संयमित शरीर और आत्मा के साथ संतुलित जीवन शैली को प्राप्त किया जा सकता है। और इस जीवन में हम अपने को शक्तिवान,ऊजार्वान महसूस करने लगते हैं। योगाभ्यास के जरिए न केवल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है बल्कि स्वयं के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार भी किया जा सकता है। अपने बेडौल शरीर को भी योग अभ्यास के जरिए सही आकार में लाने का यह सर्वाधिक सुरक्षित आसान और कारगर तथा लागत विहीन जरिया है। योग्य के वैसे तो कर्म योग, भक्ति योग,ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग भी अलग-अलग विभेद हैं, पर सभी पांचों योगों के अलग-अलग तरीके तथा अलग-अलग फायदे हैं।
कर्म योग सदैव दूसरों की सेवा के लिए प्रेरित करता है। और इसका मूल्य देश सामाजिक कल्याण यह समाज सेवा ही है। भक्ति योग हमें ईश्वर की साधना कैसे की जाए, यह पाठ पढ़ाता है ।भक्ति योग मनुष्य के अंदर हृदय तथा मस्तिष्क को संतुलित कर एक सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित करता है।भक्ति योग एक प्रकार का मानसिक योग है जिससे मन शांत रहकर सहिष्णुता की उत्पत्ति होती है, यह अहिंसक मार्ग की ओर प्रेरित करता है। ज्ञान योग बुद्धि के विकास एकाग्रता बढ़ाने तथा समाजिक ज्ञान विज्ञान की प्रेरणा देते एवं अध्ययन मनन में मनुष्य की सहायता करता है। राजयोग सर्वाधिक प्रचलित कथा लोकप्रिय योग है।

# गरीब को राहत पहुंचाती मोदी सरकार की योजनाएं

प्रो.मनमोहन प्रकाश

"2023 में भी यह योजना लागू है ।इस योजना ने कोरोना काल में जीने के लिए बहुत बड़ा सहारा दिया जब गरीबों के काम के माध्यम से आय के सभी रास्ते बंद हो गये थे। गरीब किसान सोते जागते प्राकृतिक आपदा से फसल खराब की किसी युक्ति की तलाश में रहता था। उसकी नींद फसल के अच्छे होने, बिक्री से अच्छे दाम मिलने तक उड़ी रहती थी। क्योंकि फसल खराब होने या न होने पर उसने अपने किसान भाइयों को आत्म हत्या करते देखा है ।आज वह शासन की योजनाओं के निश्चिंत है कि अब विपरीत परिस्थितियों में भी उसे आत्म हत्या की नौबत नहीं आएगी, क्योंकि पीएम फसल बीमा योजना के माध्यम से उसके नुकसान की भरपाई हो सकेगी। 2018 के बाद 11.42 करोड़ किसानों ने इस योजना में पंजीयन कराया"

**गरीब** की एक ही अभिलाषा होती है कि उसके जीवन में रोटी,कपड़ा और मकान की व्यवस्था हो जाए ।वे अपने परिवार की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके, अपने परिवार का सही ढंग से पालन पोषण कर सके और यदि संभव हो सके तो अपने परिवार के सदस्यों को पढ़ा-लिखा कर अच्छा इंसान बना सके। ये सब जहां गरीब के सपने होते हैं वहीं इन सपनों को साकार करना अच्छी सरकार का कर्तव्य माना जाता है। वास्तव में अच्छी सरकार भी वही है, जो देश के अंतिम जन की चिंता करते हुए उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए ईमानदारी से प्रयास करे। इस दृष्टि से यदि हम वर्तमान केन्द्र सरकार के कार्यों की समीक्षा करें तो वह कसौटी पर खरी उतरती दिखाई देती है। मोदी जी ने जब से प्रधानमंत्री पद संभाला है तब से गरीबों की समस्याओं को,उनकी तकलीफों को,उनकी पीड़ा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर न सिर्फ योजनाएँ बनाई अपितु उनके क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान भी दिया। जब भी मोदी जी ने गरीबों के हित में अपनी योजनाओं को सार्वजनिक किया, उन्हें जुमलेबाज कहा गया, गरीबों के सपनों से खेलने वाला बताया गया। किन्तु जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा "गरीबी हटाओ देश बचाओ" का नारा 1971 के आम चुनाव में दिया गया था तब किसी ने भी इस पर आपत्ति नहीं ली। उनके शासन काल में गरीबी न हटने पर भी उन्हें जुमलेबाज नहीं कहा। इसके विपरीत विपक्ष ने भी उस विचार को उत्तम माना, गरीब हितेषी बताया था। आज मोदी जी के नेतृत्व में गरीब हितेषी तमाम योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा। सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है कि अधिक से अधिक गरीब लोगों को इसका लाभ मिल सके और भ्रष्टाचार की आंच इस पर नहीं पड़े। शायद इसी कारण आज देश का गरीब अपने सपने साकार होते हुए देख रहा है। गरीबों के मन में एक विश्वास जागने लगा है कि कोई तो सरकार है जो अच्छे सपने भी दिखाती है और उन्हें साकार भी करती है। ऐसे ही कुछ सपनों से रुबरु कराना मेरा इस लेख का उद्देश्य है। हर गरीब का सपना होता है कि उसका भी अपना घर हो, जिसे पर उसका मालिकाना हक हो ।आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हजारों पक्के घरों का निर्माण गरीबों के लिए हो रहा है। 2.3 करोड़ को तो अपना घर मिल भी चुका है। हर गरीब महिलाओं का वो सपना साकार हो रहा है जिसमें वे रोज ईश्वर से प्रार्थना करती थी कि उन्हें चूल्हे के धुंए से मुक्ति दिलाए। वो सोचती थी कि उनके जीवन में वह दिन कब आएगा, जब उन्हें भी गैस पर खाना बनाने का अवसर मिलेगा। 2016 से प्रारंभ पीएम उज्वला योजना के तहत अब तक 10 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं,इस समय देश में 31.36 सक्रिय एलपीजी कनेक्शन है जिनके माध्यम से महिलाएं आज धुएं से होने वाली बीमारियों से मुक्त



हैं और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रही हैं। हर महिला का मां बनने का सपना होता है किंतु गरीब परिवार में महिलाएं डरती थी कि बच्चे के जन्म के खर्च की व्यवस्था कैसे होगी। पीएम मातृ वंदना योजना ने इस समस्या का समाधान उन्हें दे दिया ।इस योजना में गर्भवती होने पर 3000 रू की सहायता दी जाती है तथा बच्चे के जन्म होने पर 2000 रु की अतिरिक्त सहायता राशि दी जाती है । दूसरे बच्चे की स्थिति में यह राशि 5000 से बढ़ कर 6000 रू हो जाती है। आज गरीबों का सपना साकार हो रहा है कि अब उन्हें पीनें के पानी के लिए तथा नहाने आदि के लिए घर से बाहर दूर नहीं जाना होगा। वे अपने घरों में ही नल से शुद्ध पानी प्राप्त कर सकेंगे।1919 से नल-जल-योजना के माध्यम से 8.5 करोड़ नये नल कनेक्शन दिए गए हैं जबकि 2019 के पूर्व 3.24 करोड़ लोगों को ही यह सुविधा प्राप्त थी ।आज 60 प्रतिशत ग्रामीण घरों सहित 11.6 करोड़ घरों को और 58 करोड़ लोगों को घर में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ जल मिल रहा है। अब गरीबों को शौच के लिए खुले में घर से बाहर दूर नहीं जाना होगा ।अब प्रधानमंत्री ग्रामीण शौचालय अनुदान योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर गरीब परिवारों को शौचालय निर्माण के लिए प्रति शौचालय ?12000 की राशि दी जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत के सभी गांव- जिलों में 100 मिलियन से भी अधिक शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। इसका सबसे अधिक लाभ स्त्री वर्ग को मिल रहा है ।वे इस कार्य के दौरान होने वाली छेड़- छाड़ से अब अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही हैं। गरीब की एक बड़ी समस्या सोते जागते सताया करती थी कि यदि आज काम नहीं मिला तो परिवार के खाने की आपूर्ति कैसे होगी। आज वे निश्चिंत है कि उनको और उनके परिवार को भूख से नहीं जूझना है। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से दिसंबर 2022 तक 80 करोड़ लाभार्थियों को 3.91 लाख करोड़ रुपए का अनाज निशुल्क वितरित किया जा चुका है। 2023 में भी यह योजना लागू है ।इस योजना ने कोरोना काल में जीने के लिए बहुत बड़ा सहारा दिया जब गरीबों के काम के माध्यम से आय के सभी रास्ते बंद हो गये थे। गरीब किसान सोते जागते प्राकृतिक आपदा से फसल खराब की किसी युक्ति की तलाश में रहता था। उसकी नींद फसल के अच्छे होने, बिक्री से अच्छे दाम मिलने तक उड़ी रहती थी। क्योंकि फसल खराब होने या न होने पर उसने अपने किसान भाइयों को आत्म हत्या करते देखा है ।आज वह शासन की योजनाओं के निश्चिंत है कि अब विपरीत परिस्थितियों में भी उसे आत्म हत्या की नौबत नहीं आएगी, क्योंकि पीएम फसल बीमा योजना के माध्यम से उसके नुकसान की भरपाई हो सकेगी। 2018 के बाद 11.42 करोड़ किसानों ने इस योजना में पंजीयन कराया। जिसके तहत 25186 करोड़ बीमा अंश दान देने पर 32 लाख करोड़ रुपए का भुगतान प्राप्त किया। इतना ही नहीं छोटे गरीब किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना से 6000रु प्रति वर्ष की मदद मिल रही और यह रकम किस्तों में किसान भाई-बहनों के खातों में ट्रांसफर की जा रही है। इससे किसानों को खाद, बीज आदि खरीदने में मदद मिल रही है।11 करोड़ किसान के खातों में सरकार द्वारा अभी तक 25 लाख करोड़ रू डाले जा चुके हैं । समर्थन मूल्य भी पहले से बेहतर ही मिल रहा है। बीमा कराना कभी गरीबों के सपनों में भी शरीक नहीं हुआ करता था- किश्त अधिक होने के कारण वे इस तरह की योजनाओं पर विचार ही नहीं करते थे ।आज पीएम सुरक्षा बीमा योजना में 18-70 वर्ष आयु वर्ग के गरीब व्यक्ति बैंक या डाक घर खातों में 20 रु ओटोडेबिट की सहमति देने पर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं तथा मृत्यु या पूर्ण निशक्तता के मामलों में 2 लाख तथा आंशिक अस्थाई निशक्तता में एक लाख रू का कवरेज प्राप्त कर सकते हैं ।इस योजना में दिसम्बर 2022 तक 30.57 करोड़ पंजीयन हो चुके हैं ।इसी तरह पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में प्रतिदिन एक रूपए की ओटो डेबिड की बैंक में सहमति देने पर मृत्यु होने पर दो लाख रुपए तक कवरेज प्राप्त होता है ।इस योजना का लाभ 18-50 वर्ष आयु के लोग ले सकते हैं। दोनों योजना केवल घोषणा मात्र नहीं है। दोनों योजनाओं में मिलाकर अभी तक 15592 करोड़ से अधिक दावों का भुगतान हो चुका है। आज गरीब उम्र के अंतिम पड़ाव की उस चिंता से भी मुक्त हो रहा है कि बुढ़ापे में जीवन यापन के लिए राशि के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना होगा। केंद्र सरकार द्वारा असंगठित (हाउस हेल्पर, गार्डनर, डिलीवरी बॉय आदि)क्षेत्र के सभी 18-40 वर्ष के नागरिकों के लिए इस योजना में उम्र अनुसार अंश दान देने पर 1000 से 5000 रु तक की मासिक पेंशन का विकल्प चुन सकते हैं। यदि 18 वर्ष का कोई व्यक्ति 42 रू हर महीने जमा करता है तो उसे 60 साल बाद 1000 रू हर महीने पेंशन मिलती है। वहीं अगर 40 वर्ष का कोई व्यक्ति 291 रू प्रतिमाह जमा करता है तो उसे 60 साल की उम्र बाद 1000 रु मासिक पेंशन प्राप्त होती है। इसी तरह पीएम श्रम योगी मानधन योजना वृद्धावस्था संरक्षण और असंगठित श्रमिकों की सामाजिक योजना है जिसकी मासिक आय 15000 से कम है और उम्र 18 से 40 के मध्य है। इसमें 3000 रु मासिक पेंशन मिलती है। आज गरीब बीमारी की स्थिति में इलाज की चिंता से मुक्त है और उसका अच्छे डॉक्टर से अच्छे अस्पताल में इलाज कराने का सपना भी साकार हो रहा है ।इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई है जो गरीबों को इलाज खर्च की चिंता से मुक्त करती है ।इस योजना में प्रति परिवार पांच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज के लिए स्वास्थ्य बीमा दिया गया है ।इस योजना में अभी तक 60 करोड़ लाभार्थियों को अस्पताल में भर्ती के लिए 26434 सेवा प्रदाताओं के माध्यम से लाभ मिल चुका है। गरीबों को क्या सभी को दवाई सस्ती कीमत पर प्राप्त हो सके इसके लिए पीएम जन औषधि परियोजना आरंभ की है जिसके तहत 9307(अप्रैल 2023 तक)दवा वितरण केन्द्र के माध्यम से 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती दवाओं का वितरण किया जा रहा है ।आज लगभग 12 लाख लोग प्रतिदिन इन केन्द्रों से दवाई खरीद रहे हैं। स्वास्थ्य में एक ओर अभिनव ई-संजीवनी योजना प्रारंभ की है जो भारतीय राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा है जो डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से घरों में ही रहकर निशुल्क पारंपरिक प्रत्यक्षत: परामर्श का विकल्प प्रदान करती है। जो मरीज का समय और लागत भी बचाती है ।इस प्लेटफार्म से एक दिन में 4.34 लाख से अधिक मरीजों की सेवा करने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। अभी तक 10 करोड़ से अधिक टेलीकंसलटेसी का लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है।

## कविता

### धार्मिक मतभेद

तुम वहीं तक साथ चले, हम उससे आगे आ गए,
तुमने उसका साथ छोड़ा, तो हम मंजिल पा गए।
तुम्हारी नियत बुरी थी , तो तुम दगा कर गए,
हमने उससे वफा की थी , तो हम वफा पा गए।
तुमने की कई कोशिशें उसे बेचने की फिर भी नाकाम हो गए,
हमने जो अपनाने की हिम्मत दिखाई तो हम जमाने में छा गए।
मुहब्बत में उससे दगा करके भी तुम गुमनाम रह गए,
हमने खुले आम निभाई तो हम बदनाम हो गए।
जाति पाति के फासले में हम हिंदू-मुसलमान हो गए,
सलमा से की मुहब्बत तो दुश्मन सलमान हो गए।
कई मासूमों से दगा करके भी वो तो पाक हो गए,
हम ने एक सलमा क्या पटाई हम तो नापाक हो गए।
सुनो पत्थर तुमने भी पूजा और पत्थर हमने भी,
तुमने पूजा तो अल्लाह हम पूजे थे भगवान हो गए।
मतभेदों की इस लड़ाई में भारतीय दोनों थे पर,
एक हिंदू हो गया तो दूसरे मुसलमान हो गए।

प्रभाकर सिंह

## जीवन पद्धति है योग

**सुरेश गांधी**

**21** जून वो दिन है जब पूरी दुनिया योग को सलाम करती है और योग को अपनाने का प्रण करती है. योगा डे मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में योग को लेकर जागरुकता पैदा करना है. इस दिन योग के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है, इसके फायदे बताए जाते हैं. जिससे लोग रोजाना योगाभ्यास करने का समय निकाल सकें. योग करने से शरीर फिट और तंदरुस्त रहता है. नियमित योग करने से कई बीमारियां दूर रहती हैं. कहा जा सकता है योग सिर्फ आसनों का समुच्चय नहीं है बल्कि जीवन पद्धति है, योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ रहने की वैज्ञानिक पद्धति है. योग भारत के प्राचीन इतिहास और विविधता का प्रतीक है. यह विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रहा है. योग ही साधना है, देश का एक अनमोल वरदान है। देखा जाएं तो योग सिर्फ आज का ही विषय नहीं है, वरन् हर युग में, हर काल में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग साधना की जाती रही है. विभिन्न राजा व साधु-संतु भी योग के द्वारा ही असाध्य कार्यों को करने में सक्षम रहे हैं. योग करने से और ध्यान लगाने से वे कठिन से कठिन परिस्थिति में भी विचलित नहीं होते थे. आज की जीवनशैली में जब जिंदगी काफी तनाव भरी हो गई है. योग मन-मस्तिष्क को शांति प्रदान करता है. आज मनुष्य अनेक रोगों से ग्रसित हैं. असाध्य रोगों पर भी योग के द्वारा विजय पाई जा सकती है. योग हमारी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए. योग आपके शरीर, आपके मन और आपकी आत्मा को शक्ति प्रदान करता है. योग दुनिया को भारत का सबसे बड़ा तोहफा है, क्योंकि योग पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों के लिए सुख, शांति और स्वस्थ जीवन की कुंजी बन गया है। कहते हैं मानव जन्म बड़ी मुश्किल से मिलता है. श्रेष्ठतम मानव शरीर का मिलना अच्छे कर्मो का ही फल है. विभिन्न योनियों में जन्मे जीव स्वेच्छा से जीवनयापन नहीं कर पाते किंतु मनुष्य अपनी सोच और कर्मो से कुछ भी कर सकता है. इस अमूल्य शरीर को पाकर इसे स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए. शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक शांति हमें योग के द्वारा ही प्राप्त हो सकती है. योग स्वस्थ जीवन जीने का एक ऐसा मंत्र है जिसके लिए आपको कोई पैसा खर्च नहीं करना होता। यानी ये दुनिया को भारत की तरफ से मिला ऐसा तोहफा है जो अमूल्य है। पूरी दुनिया में करीब 30 करोड़ लोग नियमित तौर पर योग करते हैं और हर साल योग करने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अगर योग करने वाले लोगों का एक अलग देश बना दिया जाए तो वो दुनिया में जनसंख्या के मामले में चीन, भारत और अमेरिका के बाद चौथे स्थान पर होगा. पूरी दुनिया में योग का बाजार 5 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का हो चुका है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका भी योग की शक्ति को नमन कर रहा है।

## विचार

# सेहतमंद दुनिया की तरफ बढ़ता भारत

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**भगवान** कृष्ण ने गीता में कहा है-योगः कर्मसु कौशलम यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि योगस्थः कुरु कर्माणि इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं। भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे। योग शास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक समृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने हैं। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है ।योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं। भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# योग @ एक विश्व एक परिवार - भारत के

**किशन भावनानी गोंदिया**

भारत की अत्यंत प्राचीन विरासत में से एक योग भी है। आदि अनादि काल से ही योग एक जीवन जीने की कला और आज के आधुनिक डिजिटल युग में एक विज्ञान और औषधी रहित चिकित्सा पद्धति के रूप में वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो चुका है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लग गए हैं ।इस बार योग दिवस मनाने पर सारे विश्व का ध्यान रहेगा क्योंकि भारतीय पीएम योग दिवस न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 21 जून 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे विशेष उल्लेखनीय है कि आईडीवाई का आगामी 9 वां संस्करण इस साल कई अनोखे कार्यक्रमोंका साक्षी बनेगा इस वर्ष के आईडीवाई का मुख्य आकर्षण यह है कि पीएम सयुंक्त राष्ट्र मुख्यालयन्यूयॉर्क में उसी स्थान पर सामूहिक योगप्रदर्शन का नेतृत्व करेंगेजहां से 9 साल पहले प्रधानमंत्री ने 2014 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव दिया थाइस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ओशन रिंग ऑफ योजैसे कई अद्वितीय कार्यक्रमों का साक्षी बनेगा। साथियों बात अगर हम 21 जून को ही योग दिवस मनाने की करें तो, इसके पीछे एक खास वजह है।
21 जून को उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे लोग ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के मुताबिक, ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन होता है। माना जाता है कि सूर्य दक्षिणायन का समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए फायदेमंद है। इसी वजह से 21 जून कोअंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा। साथियों बात अगर हम योग के प्राचीन विरासत होने की करें तो, भारतीय संस्कृति में योग रचा बसा है। मन-मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए प्राचीन भारत में ऋषियों ने योग के उच्चतम विधा को अपनाया और खुद को आत्मनियंत्रित किया। माना जाता है कि योग शरीर की इंद्रियों को नियंत्रित करने की क्षमता देता है जिससे निरोग रहा जा सकता है। योग भगाए रोग तो सदियों पुरानी कहावत है। लेकिन समय का पहिया घूमा और हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल हो गए। जीवन की आपाधापी के बीच अपनी प्राचीन पद्धति को भूलने लगे जिसका खामियाजा तमाम तरह की शारीरिक बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

## मोक्ष प्राप्तिरस्तु

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बहुत** समय पहले की बात है। फलाँ नगर में कुछ लोग रहते थे। उनके पास जीवन जीने के लिए रोटी, कपड़ा, मकान और जरूरी सुविधाएँ थीं। बस जीवन जिए जा रहे थे। लोगों को रात को नींद नहीं आती थी,कभी आंख लग भी जाती तो भयंकर सपने आते। लोगों को बड़ी बेचैनी रहती। उन्हें बैठे बिठाए मोक्ष चाहिए था। उन्होंने बहुतेरा इलाज कराया, लेकिन रोग घटने के बजाय बढ़ता ही गया। उन्हें कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। आखिर करें तो करें क्या? एक दिन एक बहुरूपिया उस नगर में आया। वह बहुत पहुंचा हुआ था। गिरगिट के रंग की तरह अपने कपड़े बदलता था। उड़नखटोला में सवारी करता था। सभी को मित्रो! कहकर उन्हीं के हाथों आँखों में मिर्ची झोंकवाने में सिद्धहस्त था। लोगों को पता लगा तो वह भी उसके पास गए और अपनी विपदा उसे कह सुनाई। बोले- "महाराज! जैसे भी हो हमारा कष्ट दूर कर दीजिए। बहुरूपिए ने कहा- "मित्रो! आपके रोग का एक ही कारण है और वह यह कि आप जीवित हैं। लोगों ने विस्मय से उनकी ओर देखा। पूछा- "आप हमें जीवित कैसे कह सकते हैं? हम सुख-सुविधाओं की कमी में मरे जा रहे हैं। बहुरूपिए ने हँसकर कहा- जीवित वह नहीं होता जो इस मोह-माया के पीछे भागे। वास्तव में जीवित तो वह है जो अपने नगर के सारे संसाधन बेच-बाचकर कमंडल थामे संन्यास ले ले। ऐसा करने से न तो भूख लगती है, न प्यास लगती है, न रहने की इच्छा होती है, न सुख पाने की कोई आशा। ऐसा करने से अपने आप मोक्ष प्राप्त हो जाएगा। क्या तुम लोग इस तरह रह सकते हो? लोग क्या जवाब देते! वे तो सीमित महंगाई, भुखमरी, भ्रष्टाचार, अराजकता के आदी थे।
उन्हें इनका विकराल रूप देखने का अवसर ही नहीं मिला। बहुरूपिए ने कहा- "अगर तुम जीवित रहने से बचना चाहते हो तो मेरे बताए महंगाई, भुखमरी, भ्रष्टाचार, अराजकता के रास्ते पर चलो बहुत जल्द तुम्हें इस दुनिया की किचकिच से मोक्ष प्राप्त हो जाएगा।।" लोगों ने यही किया और मित्रो! कहने वाले को राजपाठ सौंप दिया। अब लोगों को मोक्ष की प्राप्ति करने में कोई दुविधा नहीं हो रही है।

# गडकरी 11 फ्लाईओवरों को करेंगे लोकार्पित

## राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के दूसरे चरण में तीस किलामीटर की लंबाई के सड़कमार्ग का भी करेंगे लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**सांसद रमेश कौशिक** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 9 साल में किए गए विकास को लेकर विकास यात्रा शुरू की है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को दिल्ली से पानीपत तक आठ लेनमार्गी बनाने के पूर्ण हो चुके कार्य के दूसरे चरण में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 30 किलोमीटर सड़कमार्ग के साथ नवनिर्मित 11 फ्लाईओवरों को बतौर मुख्यातिथि लोकार्पित करेंगे, जिन पर करीब 890 करोड़ रुपये की लागत आई है। जनसभा में फ्लाईओवर लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। सांसद रमेश कौशिक सोमवार को विधायक निर्मल चौधरी के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित



कर रहे थे। सांसद कौशिक ने बताया कि 20 जून को सोनीपत की नई अनाज मंडी में गौरव भारत रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर दिल्ली के मुकरबा चौक से पानीपत तक बनाये गये 8 लेनमार्गी राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के शेष 30 किलोमीटर की लंबाई वाले सड़कमार्ग व 11 फ्लाईओवरों को भी लोकार्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके पहले अप्रैल-2022 में इस सड़कमार्ग के 40 किलोमीटर लंबाई वाले सड़कमार्ग को लोकार्पित किया गया था। इस मार्ग की कुल लंबाई 70.500 किलोमीटर है। इसके शेष बचे 30 किलोमीटर की लंबाई वाले सड़कमार्ग का निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। इसे पूरे सड़कमार्ग का निर्माण कार्य करीब 2331.72 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है। सांसद ने कहा कि अब

**8 हरियाणा में सोनीपत जिला की सीमा में पांच फ्लाईओवर आते हैं जबकि शेष दो फ्लाईओवर पानीपत जिले की सीमा में है**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाये गये 11 फ्लाईओवरों सहित शेष बचे 30 किलोमीटर सड़कमार्ग को लोकार्पित किया जाएगा। इस शेष परियोजना पर 890 करोड़ रुपये का व्यय हुआ है। इन फ्लाईओवरों में चार फ्लाईओवर दिल्ली की सीमा में हैं तथा शेष हरियाणा की सीमा में है। हरियाणा में सोनीपत जिला की सीमा में पांच फ्लाईओवर आते हैं जबकि शेष दो फ्लाईओवर पानीपत जिले की सीमा में है। दिल्ली की सीमा में बनाये गये फ्लाईओवरों में जंक्शन ऑफ अलिपुर पल्ला रोड (शनि मंदिर), आजादपुर फल-सब्जी मार्केट-डीडीए कैमिकल मार्केट जंक्शन तथा नरेला इंडस्ट्रियल एरिया और दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर निर्मित फ्लाईओवर शामिल हैं। सोनीपत की सीमा में कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया टी-जंक्शन, एचएसआईआईडीसी कुंडली (निफ्टम चौक), बढ़खालसा-पीतमपुरा जंक्शन तथा एचएच-17 (बीसवांमील चौक) और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मार्केट गन्नौर फ्लाईओवर सम्मिलित है। इनके अलावा पानीपत की सीमा में गांव सिवाह छाजपुर एवं न्यू बस स्टैंड पानीपत जंक्शन और बीबीएमबी, एनएफएल-इंडस्ट्रियल एरिया जंक्शन शामिल है। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी, जिला पार्षद नरेन्द्र के अलावा हलके के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आराधना अग्रवाल को मिला अमेरिका के व्हाइट हाऊस से निमन्त्रण



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल नारनौल** से सम्बन्ध रखने वाली आराधना अग्रवाल को अमेरिका के राष्ट्रपति डा0 बाइडेन ने लोकतान्त्रिक देश भारत के प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाऊस में 22 जून को होने वाले आगमन समारोह में आमन्त्रित किया है। उल्लेखनीय है कि नारनौल में जन्मी एवं पली बढ़ी आराधना अग्रवाल ने अपनी योग्यता एवं प्रतिभा के दम पर हरियाणा का नाम भारत के साथ-साथ अमेरिका में भी रोशन किया है। आराधना ने हरियाणा के सबसे पिछड़े कहे जाने वाले क्षेत्र नारनौल के सरकारी स्कूल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विधालय एवं स्थानीय महिला कालेज से शिक्षा प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि लक्ष्य को लेकर जज्बा हो तो विपरित परिस्थितियों में भी व्यक्ति अपना मुकाम हासिल कर सकता है। नारनौल की लड़कियों के लिए एक मिसाल एवं प्रेरणा बनी आराधना ने क्षेत्र की छात्राओं को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया एवं पूरे राष्ट्र एवं विश्व में सन्देश दिया कि बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। पूत के पाँव पालने में ही दिखाई दे जाते है कि कहावत को चरितार्थ करते हुए साधारण अध्यापक परिवार में जन्मी आराधना शुरू से मेधावी रही थी एवं अपनी कक्षा में हमेशा प्रथम स्थान पर आती थी। इतना ही नहीं स्कूल एवं कालेज में पढ़ते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में अनेकों पुरस्कार प्राप्त किए। इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाटेन्टस दिल्ली से आराधना ने सीए परीक्षा उत्तीण की एवं अमेरिका की प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी वार्टन स्कूल ऑफ मैनेजमैन्ट से प्रबन्धन में महारत हासिल की। अपने कैरियर के प्रति सजग रहते हुए लर्न विद अर्न के माध्यम से अमेरिका में पार्ट टाईम नौकरी करते हुए वहाँ की वित्त सम्बन्धित डिग्री सीपीए पहले ही प्रयास में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की।

आराधना ने अमेरिका में अपनी योग्यता के बल पर यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिलवेनिया में डायरेक्टर ऑफ फॉयनेन्स के पद पर रह चुकी है एवं यूएस चैप्टर ऑफ आईसीएआई की चेयरपर्सन भी रह चुकी है। इन्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाटेन्टस नारनौल चैप्टर ने नारनौल की बेटी सीए आराधना अग्रवाल को अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाईट हाऊस से निमन्त्रण मिलने पर हर्ष प्रकट किया है। नारनौल चैप्टर के सदस्य सीए पवन गोयल एवं वरिष्ठ महिला सदस्य सीए रीटा गोयल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ सीए आराधना अग्रवाल के लिए ही नहीं अपितु पूरे क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है।

इन्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाटेन्टस गुरूग्राम ब्रांच के पूर्व चेयरपर्सन सीए मोहित सिंघल ने भी आराधना अग्रवाल को बधाई संदेश देते हुए कहा कि अमेरिका में भी भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस विशेष रूप से हमारे क्षेत्र से सम्बन्ध रखने वाली आराधना अग्रवाल अपनी योग्यता के बल पर प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखती है एवं पूरे क्षेत्र को गोरवान्वित किया है।

## न्यूज फ्लैश

### जिला गौड़ ब्राह्मण सभा ने देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा//नारनौल**
श्री गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल ने भारतीय विधि आयोग दिल्ली के अध्यक्ष को पत्र लिखकर देश में सामान नागरिकता संहिता लागू करने की मांग की है। गौड़ ब्राह्मण सभा प्रधान राकेश महता ने भारतीय विधि आयोग को भेजे गए पत्र में कहा है कि हमारा देश एक पंथ निरपेक्ष देश है, जिसमें संविधान के अनुसार देश के नागरिकों के मध्य जाति धर्म पंथ समुदाय व लिंग के आधार पर कोई अंतर नहीं किया गया। देश के संविधान में सभी नागरिक एक समान है, इसलिए देश के नागरिकों के लिए चाहे वह किसी भी धर्म जाति लिंग के हो एक समान ही कानून होना चाहिए, यानी एक देश एक कानून। गौड़ ब्राह्मण सभा प्रधान राकेश महता ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद-44 यानी डायरेक्टिव प्रिंसिपल ऑफ स्टेट पॉलिसी के अंतर्गत देश में एक समान नागरिक संहिता लागू करना सरकार का दायित्व है। देश में ऐसे निष्पक्ष कानून होने चाहिए, जिसका धर्म से कोई ताल्लुक ना हो और सभी पर एक समान रूप से लागू किसी भी अन्य देश में जाति व धर्म के आधार पर अलग-अलग कानून नहीं है। जब हम संविधान के अनुसार पंथ निरपेक्ष हैं तो पंथ में धर्म के आधार पर अलग-अलग कानून करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। हमारे देश की राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए सामान नागरिकता संहिता लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में आपराधिक कानून यानी भारतीय दंड संहिता दंड प्रक्रिया संहिता भारतीय साक्ष्य अधिनियम तथा कुछ दीवानी कानून यानी भारतीय संविदा अधिनियम भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम गार्जियन एंड वॉडस एक्टर आदि कानून एक समान सभी धर्म के लोगों के लिए चल रहे हैं तो केवल विवाह उत्तराधिकार तलाक, गोद, संतान लेना, संपत्ति के बटवारा आदि के लिए अलग-अलग कानून धर्म के आधार पर लागू करना बिल्कुल उचित नहीं है। धर्म के नाम पर मानव अधिकारों का गला घोटना तो निंदनीय के समान है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का सर्वोच्च न्यायालय ने भी वर्ष 1985 में शाहबानो के केस में वर्ष 1995 सरला मुद्गल केस में वर्ष 2003 में जान बलवंत केस में तथा वर्ष 2017 में सायरा बानो केस में देश के एक समान नागरिक संहिता लागू करने की आवश्यकता दर्शाई है। यहां तक कि विश्व के अनेक देश यानी फ्रांस, कनाडा, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्की, इंडोनेशिया, सूडान व मिश्र आदि जैसे देशों में भी समान नागरिक संहिता लागू है तो यह हमारे देश में क्यों नहीं लागू है। महता ने कहा कि कुछ धर्मों में महिलाओं के अधिकार पर्सनल लाज में निमित दिए हुए हैं, जिस पर समान नागरिकता संहिता लागू होने की स्थिति में सभी महिलाओं को भी पुरुषों के समान अधिकार मिलेंगे और यह लैंगिक समानता के अधिकार की भी सुरक्षा करेगी।

### दिव्यांगजनों के आर्थिक उत्थान के लिए सरकार ने चलाई कई योजनाएं: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल**
दिव्यांगजनों का आर्थिक उत्थान करने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। दिव्यांगजनों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने आज लघु सचिवालय में दिव्यांगजन की तिपहिया बैटरी चालित साइकिल से संबंधित शिकायत सुनते हुए कही। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से रेडक्रास समिति की ओर से समय-समय पर कैंप लगाकर दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित करवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों की सहायता के लिए रेडक्रास समिति की ओर से व्हीलचेयर, बैसाखी, वाकिंग स्टिक, कान की मशीन, चश्मा व अन्य कृत्रिम अंग दिए जाते हैं। इसके अलावा जमीन अधिग्रहण, मुआवजा, पेंशन संबंधित शिकायतें आई। उन्होंने इन शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

### जवानों द्वारा काला आम्ब पर किया गया एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**पानीपत:** विश्व योग दिवस के उपलक्ष में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई पानीपत रिफाइनरी के जवानों द्वारा डिप्टी कमांडेंट विजय कुमार धनखड़ के नेतृत्व में एतिहासिक स्थल काला आम्ब पानीपत में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डिप्टी कमांडेंट विजय कुमार ने बताया कि जहां योग करने से मनुष्य स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है वही योग करने से शरीर में स्फूर्ति आती है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति प्रतिदिन योग करते हैं उनसे बीमारियां बहुत दूर रहती हैं। उन्होंने बताया कि स्वस्थ भारत बनाने के लिए हर आंगन योग पर बल देना चाहिए। ताकि हर व्यक्ति योग के महत्व को समझ कर योग करने लगे। इस अवसर पर उनके साथ इंस्पेक्टर आर.पी. कुंडू, सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, आप नेता सुखबीर सिंह मलिक के अलावा सैकड़ों जवान उपस्थित रहे।

# हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनना तय: सचिन कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**युवा कांग्रेस** के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन कुंडू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान सफलता पूर्वक चल रहा है। कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनको कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से अवगत करवा रहे हैं और बताया जा रहा है कि कांग्रेस सरकार बनने पर कौन-



कौन से जन कल्याणकारी कार्य किये जाएंगे। सचिन कुंडू सोमवार को पानीपत ग्रामीण हलके के गांव बड़ौली में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। वहीं गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता सचिन कुंडू का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश की जनता महंगाई से परेशान है। एक आम आदमी के लिये अपने परिवार का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है लेकिन सरकार अपनी जेबें भरने पर लगी हुई है। इस अवसर पर दीपक खटकड़, सतपाल रोड, सुलतान मिटान, कृष्ण मिटान, सुमेर, मास्टर सुरेंद्र, राजू शर्मा, सोनू बड़ौली, राकेश कश्यप, जीता, राममेहर ठेकेदार, राममेहर रंगा, विकास व रणदीप आदि मौजूद रहे।

# योग की हुई पायलट रिहर्सल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** के उपलक्ष्य में खरखौदा के एसडीएम कार्यालय के परिसर में सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत योग की पायलट रिहर्सल करवाई गई। योग प्रशिक्षक ने योग करवाते हुए बताया कि योग करना कोई नई बात नहीं है बल्कि इसकी उत्पति भारत में हजारों साल पहले ही हो गई थी। सिर्फ इतना ही नहीं इसका जिक्र ऋग्वेद जैसे पौराणिक पुस्तकों में भी मिलता है। सरकार द्वारा योग को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 21 जून को इंटरनेशनल योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर आयुष विभाग से डॉ सतीश, एचएमओ डॉ सुशील, डॉ दीप्ति, नीरज नरवाल, सतपाल, प्रदीप नेन, योग प्रशिक्षक अजय, पुष्पा व नरेश विभिन्न विभाग से अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दस कट्टे व 40 कारतूस सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। उपमंडल के** गांव भुंगारका से गावं उटोली के रास्ते पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को 10 देसी कट्टे और 40 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान जयपुर के पनीयानी थाना के कालूहेडा निवासी राहुल बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी राहुल काफी समय से अवैध हथियार बेचने का काम कर रहा था और आज वह गांव उटोली से भुंगारका के रास्ते से होकर नांगल चौधरी में अवैध हथियार बेचने जा रहा था लेकिन पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि जयपुर के पनीयानी थाना के कालूहेडा निवासी राहुल काफी समय से अवैध हथियार बेचने का काम करता है तथा आज भी मोटरसाइकिल पर बैग में अवैध हथियार व गोलियां लेकर गावं उटोली से भुंगारका के रास्ते से होकर नांगल चौधरी में अवैध हथियार बेचने के लिए जाएगा। पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार की गई और बताए गए स्थान भुंगारका से गांव उटोली के रास्ते पर पुलिस ने नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर बाद ही एक युवक मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह बाइक को भगाने लगा। इस पर कुछ दूरी पर पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। जब उससे नाम, पता पूछा गया तो उसने अपना नाम, पता जयपुर के पनीयानी थाना के कालूहेडा निवासी राहुल बताया। पुलिस ने जांच की तो उससे 10 देसी कट्टे व 40 कारतूस बरामद हुए। जब राहुल से लाइसेंस परमिट मांगा तो वह कोई कागजात पेश नहीं कर सका। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### योग दिवस पर कार्यक्रम का होगा आयोजन

**सोनीपत:** डॉ बी आर अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी और योग क्रियाएँ करवाई जाएंगी। सोमवार को आयुष विभाग, हरियाणा व हरियाणा योग आयोग एवं डॉ बी आर अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पायलेट रिहर्सल तथा ब्लॉक लेवल योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता विश्वविद्यालय परिसर में करवाई गई। जिसमें योग प्रशिक्षकों संगीता, प्रदीप, बलकेश, सीमा, प्रीति, रीना, सरिता बाल्यान, ललित कुमार एवं फराहना ने योग के बारे में विस्तार से बताया और योग क्रियाएँ कराई।

# आढ़तियों ने राजीव जैन का किया अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**प्रदेश** की नई अनाज मंडियों में एक दुकान पर दो लाइसेंस देने की अधिसूचना जारी करवाने के लिए अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव जैन का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। राजीव जैन ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में होने वाली गौरवशाली भारत रैली का निमंत्रण भी आढ़तियों को दिया। राजीव जैन ने कहा कि पुरानी अनाज मंडियों में तो एक दुकान पर दो लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था थी परंतु अब



ज्यादातर मंडिया शहर से बाहर बन चुकी हैं, उनमें मार्केटिंग बोर्ड नीति न होने का कारण बताकर लाइसेंस जारी नहीं करता था। लंबे समय से आढ़ती मांग कर रहे थे और इसको लेकर राजीव जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री मनोहर लाल और कृषि मंत्री जेपी दलाल से मिला और कई दौर की बातचीत अधिकारियों के साथ हुई थी। राजीव जैन ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार व्यापार को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है और राष्ट्रीय राजमार्गों का बड़े पैमाने पर नितिन गडकरी द्वारा निर्माण करवाना व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया और व्यापारियों के साथ हुई अपराधिक घटनाओं में संलिप्त दोषियों को पकड़ने का काम कर रही है जबकि पूर्व की सरकारों के संरक्षण में पलने वाले गिरोह जेलों में बैठकर व्यापारियों को तंग करते थे। व्यापारियों ने रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आश्वासन दिया। बैठक में व्यापार मंडल के जिला संरक्षक पवन गोयल, नवीन मंगला, राजीव गुप्ता, पवन बंसल, प्रदीप बंसल, प्रदीप गुप्ता, सुंदर लाल गोयल, महावीर प्रसाद जैन, महेंद्र रोहिल्ला, सुनील कुमार मुकेश गुप्ता, हरीश जैन, कमल मित्तल, शिवम गोयल समेत काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

# योग दिवस के लिए हुई फाइनल रिहर्सल



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**हरियाणा** योग आयोग, आयुष विभाग तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में होने वाले नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए सोमवार को स्थानीय आईटीआई में फाइनल रिहर्सल की गई। इस बार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के जन स्वास्थ्य मंत्री डॉ बनवारी लाल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। हल्की बूंदाबांदी के बीच योगा प्रोटोकॉल के तहत हुई फाइनल रिहर्सल के बाद अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने "हर आंगन योग" का संदेश देने के लिए योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोग करो योग, दूर भगाओ रोग के नारों से लिखी तख्तियां लेकर युवाओं ने नागरिकों को योग को दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सफल जीवन के लिए हमारे मन और शरीर को पॉजिटिव एनर्जी की जरूरत होती है। हमारी प्राचीन पद्धति योग से पॉजिटिव एनर्जी प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए, हम सबको योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईटीआई में होने वाले जिला स्तरीय योगा कार्यक्रम के लिए जिला के सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि वे भारी संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। एडीसी ने बताया कि 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में हजारों की संख्या में विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस तथा विभिन्न सामाजिक संगठन व आम नागरिक हिस्सा लेंगे। पूरे देश में सुबह 7:00 से 8:30 तक योगा प्रोटोकॉल के अनुसार योगा करवाया जाएगा। इसी कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रशासन की ओर से सुबह 6:00 बजे ही तैयारियां शुरू हो जाएंगी ताकि ठीक 7:00 बजे योगा कार्यक्रम शुरू किया जा सके।

फाइनल रिहर्सल में बजरंग योगाचार्य, अरुण, रीना कुमारी तथा नितिन ने प्रोटोकॉल के अनुसार योग क्रियाएं करवाई।

# जैन के भतीजे की शादी में हुड्डा ने पहुंचकर दिया आशीर्वाद

## इससे पानीपत ग्रामीण हल्के की राजनीति में हलचल मच गई है

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत ग्रामीण** हलके के नेता भाई विजय जैन के भतीजे संयम के शादी समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पहुंच करके उनका राजनतिक बढ़ा दिया और अपना राजनीति का आशीर्वाद दिया है। इससे पानीपत ग्रामीण हल्के की राजनीति में हलचल मच गई है। पानीपत के सेक्टर 13-17 के ग्राउंड में आयोजित शादी समारोह में ग्रामीण हलके के हजारों लोगों ने पहुंच करके भाई विजय जैन को अपना राजनीतिक आशीर्वाद दिया है। बता दे कि इस शादी समारोह में कोई भी बीआईपी प्रबंध नहीं थे और



सभी लोगों के लिये एक समान भोजन की व्यवस्था की गई थी। समारोह में पानीपत ग्रामीण व शहरी हलकों के सभी राजनीतिक दलों के नेतागण, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या लोगों ने भाग लिया। शादी समारोह में पहुंचकर आशीर्वाद देने वालों में पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, सांसद पुत्र चांद भाटिया, मेयर अवनीत कौर, पूर्व मेयर सरदार भूपेंद्र सिंह, पार्षद शिवकुमार शर्मा, पार्षद नरेंद्र सुरा, पार्षद अशोक कटारिया, पार्षद लोकेश नागरु, पार्षद रविंद्र भाटिया कृष्ण छौक्कर, एडवोकेट रमेश मौर्य, मनोज सरोहा, जयप्रकाश त्यागी, पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, सरपंच काला, सरपंच दिलेर, रामस्वरूप मजोका, विनोद शर्मा, ब्रह्म ऋषि, दाऊजी जी महाराज व वेद पराशर आदि शामिल है।

वहीं पूर्व सीएम हुड्डा के साथ पहुंचकर विधायक बलबीर बाल्मीकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र बुल्ले शाह, पूर्व मेयर सुरेश वर्मा व खुशीराम जागलान ने भी अपना आशीर्वाद दिया।

# दो दिवसीय नेती एवं नौलि कार्यशाला का हुआ शुभारंभ


**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में सोमवार को दो दिवसीय नेती एवं नौली कार्यशाला का शुभारंभ प्रचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना द्वारा भगवान धन्वंतरि के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। यह कार्यशाला 19 से 20 जून तक चलेगी। जिसमें छात्र-छात्राओं सहित आम नागरिक भी कार्यशाला में भाग ले सकते हैं। श्रीकृष्णा आयुष विवि के कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव नरेश भार्गव द्वारा ऑनलाइन माध्यम से बधाई संदेश में स्वस्थवृत विभाग की सराहना करते हुए कहा कि विभाग द्वारा निरंतर स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम करवाए जाते हैं। जिसका लाभ निश्चित तौर पर समाज को मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की उत्कृष्ट विधा है जिसके द्वारा व्यक्ति बिना किसी खर्च के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने कहा कि यौगिक क्रियाएं व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होती है और योग व प्राणायाम द्वारा व्यक्ति अपने चित्त को स्थिर कर सकता है।

# स्टूडेंट की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने सोमवार सुबह दो आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। निखिल की गर्लफ्रेंड को एक युवक काफी दिनों से परेशान कर रहा था

### कानून व्यवस्था फेल...

**पुलिस ने कहा कि बाइक पर सवार करीब चार लड़के आए और उन्होंने निखिल के सीने में चाकू घोंप दिया**








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** यूनिवर्सिटी के एक छात्र की रविवार को साउथ कैंपस में आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया, दोनों लड़कों के बीच गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद हुआ था। मरने वाले लड़के का नाम निखिल है। वह पश्चिम विहार का रहने वाला था और स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग से पॉलिटिकल साइंस में बीए (ऑनर्स) कर रहा था। पुलिस ने सोमवार सुबह दो आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। निखिल की गर्लफ्रेंड को एक युवक काफी दिनों से परेशान कर रहा था। निखिल ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। हमले के बाद निखिल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि यह घटना कॉलेज के गेट के बाहर हुई। बाइक पर सवार करीब चार लड़के आए और उन्होंने निखिल के सीने में चाकू घोंप दिया। पुलिस के मुताबिक, निखिल की आरोपी छात्र के साथ एक हफ्ते पहले बहस हुई थी। जिसके बाद युवक बदला लेने की बात कहकर चला गया और रविवार सुबह दोस्तों संग बाइक से कॉलेज पहुंचा और गेट पर निखिल की हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों से की और सोमवार सुबह दो लड़कों को अरेस्ट किया है। पुलिस द्वारा बरामद सीसीटीवी कैमरे से फुटेज में आरोपी को दोपहिया वाहनों पर भागते हुए दिखाया गया है। साउथ वेस्ट दिल्ली के मनोज सी ने बताया, दो आरोपियों को पकड़ा गया है। एक की पहचान बीए फर्स्ट ईयर में पढ़ने वाले छात्र राहुल के रूप में हुई। वहीं दूसरे का नाम हारून है जो कॉलेज से ड्रॉपआउट है।

**जिस लड़की को लेकर हुआ झगड़ा वो निखिल के कॉलेज की छात्रा नहीं:** बता दें कि जिस युवती को लेकर छात्रों के बीच झगड़ा हुआ वह निखिल के कॉलेज की छात्रा नहीं है। रविवार को वह निखिल से मिलने के लिए कॉलेज के बाहर आई थी। डीसीपी का कहना है कि चरक पालिका अस्पताल से दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर चाकू मारने से घायल निखिल चौहान नाम के छात्र को वहां लाया गया है। जांच से पता चला कि निखिल बी ब्लाक, पश्चिम विहार का रहने वाला था। एक सप्ताह पहले भी निखिल जब गर्लफ्रेंड को लेकर कॉलेज आया था तब चाकू मारने वाले आरोपित छात्र ने उसकी प्रेमिका के साथ बदसलूकी की थी।

**पढ़ाई के साथ मॉडलिंग भी करता था निखिल:** निखिल की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा है। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। निखिल तीन भाइयों में मंझला था। वह पढ़ाई के साथ ही मॉडलिंग भी करता था। गीतों की तीन एलबम भी बना चुका है। पिछले दिनों उसने खब्बी सीट नाम गाने में एक्टिंग भी की थी। उसके पिता संजय चौहान सदर बाजार में पटरी पर दुकान लगाते हैं।

### 7 दिन पहले गर्लफ्रेंड के साथ हुई थी बदसलूकी

**छात्रों** के बीच झगड़े का पूरा मामला सात दिन पहले शुरू हुआ था। पिछले रविवार को चाकू मारने वाले छात्र ने निखिल की गर्लफ्रेंड के साथ बदसलूकी की थी। जब आरोपित छात्रों का कॉलेज में झगड़ा हुआ था तब पहले एक छात्र ने निखिल की गर्लफ्रेंड को थप्पड़ मार दिया था। इसे लेकर निखिल ने उसकी बुरी तरीके से पिटाई की थी।

उस वक्त वह छात्र खुद को अपमानित महसूस कर वह उस दिन अपने घर चला गया था। कल रविवार को उसने तीन साथियों के साथ पूरी योजना बनाकर दोपहर करीब 12:30 बजे कालेज के गेट के बाहर आकर खड़ा हो गया था। जैसे ही निखिल प्रेमिका के साथ कालेज के गेट पर आया चारों छात्रों ने उसे दबोच कर पिटाई शुरू कर दी। एक ने उसके सीने पर चाकू मार दिया। उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

साउथ कैंपस में रामलाल आनंद कॉलेज व आर्य भट्ट कॉलेज का एक ही परिसर है। इन कॉलेजों में हर रविवार को एसओएल की क्लॉस चलती है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दो छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक निखिल के साथ ही एओएल फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट है। गिरफ्तार आरोपित में एक का नाम हारून है। गिरफ्तार छात्रों से पूछताछ कर अन्य दो छात्रों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

जांच के दौरान पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिली है जिसमें दो आरोपित नजर आ रहे हैं। कॉलेज के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात के दौरान चार छात्रों की तस्वीरें कैद मिली हैं। पुलिस ने तस्वीरों के आधार पर पूछताछ कर चारों छात्रों की पहचान कर ली है।

### छात्र की हत्या पर दिल्ली विश्वविद्यालय ने जताया दुख

**आर्यभट्ट** कॉलेज के बाहर छात्र की हत्या पर दिल्ली विश्वविद्यालय ने दुख जताया है। एक बयान जारी कर विश्वविद्यालय ने कहा है कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि एक युवा की जान चली गई और वह भी कालेज के ठीक बाहर जहां विद्यार्थी सीखने और करियर बनाने आते हैं। हमे इस अनमोल जीवन के असमय खो जाने का अत्यंत दुख है। ईश्वर निखिल चौहान की आत्मा को शांति दे और इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को संबल प्रदान करे।

**आप के मंत्री बोले - एलजी साहब, आप क्या कर रहे हैं?:** दिल्ली यूनिवर्सिटी के अनूप सिंह लाठर ने कहा, एक स्टूडेंट की जान चली जाना काफी दुख की बात है। वहीं दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने ट्वीट कर कानून-व्यवस्था को लेकर लेफ्टिनेंट गवर्नर पर निशाना साधा। भारद्वाज ने लिखा, एलजी साहब, आप क्या कर रहे हैं? मेरी दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। महोदय, आपने हमारी दिल्ली के साथ क्या किया है?

# मुखर्जी नगर में 107 संपत्तियों का बिना कन्वर्जन हो रहा है व्यावसायिक उपयोग




### चांदी काट रहे

**मुखर्जी नगर वार्ड क्षेत्र में 631 व्यावसायिक संपत्तियां हैं। इसमें से 524 ने कन्वर्जन चार्ज जमा करा रखा है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुखर्जी नगर** रिहायशी इमारतों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने का गढ़ बन चुका है। बीते एक दशक में यहां कोचिंग सेंटरों की बाढ़ आ गई है। ज्यादातर घरों में या तो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं या फिर लाइब्रेरी या पीजी बनाकर संपत्ति मालिक चांदी काट रहे हैं लेकिन नगर निगम को शुल्क देने में अब भी कतरा रहे हैं। इन संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है लेकिन संपत्ति मालिकों ने अभी तक इनका कन्वर्जन नहीं कराया है। दिल्ली नगर निगम के अनुसार मुखर्जी नगर वार्ड क्षेत्र में 631 व्यावसायिक संपत्तियां हैं। इसमें से 524 ने कन्वर्जन चार्ज जमा करा रखा है लेकिन, शेष 107 ने अभी तक कन्वर्जन चार्ज नहीं जमा कराया है। हालांकि निगम ने इसके लिए नोटिस जारी कर रखे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में सूरत में कोचिंग सेंटर में अग्निकांड की घटना के बाद पूर्वकालिक उत्तरी निगम ने सर्वे किया था। इस दौरान नौ संपत्तियों पर सीलिंग की कार्रवाई भी की गई थी। निगम के अनुसार अभी तक छह संपत्तियां सील हैं जबकि तीन संपत्ति मालिकों ने हलफनामा देकर सील खुलवा ली थी कि वह भविष्य में फिर से इसका व्यावसायिक उपयोग नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि कोचिंग संस्थान में आग लगने की घटना के बाद हाई कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लिए जाने से पुलिस और प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि अब नियम खिलाफ गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

**फायर के साथ ही भवन नियमों के उल्लंघन का होगा सर्वे:** मुखर्जी नगर के कोचिंग संस्थान में आग की घटना के बाद इस बार लीपापोती की गुंजाइश कम लग रही है। हाई कोर्ट द्वारा मामले का संज्ञान लेने के बाद दमकल विभाग से लेकर नगर निगम की जिम्मेदारी हो गई है कि वह इन संपत्तियों की जांच करे। फायर के इंतजाम की जांच करने के साथ अब निगम भवन नियमों के उल्लंघन की भी जांच करने जा रहा है। निगम सूत्रों के ज्यादातर इमारतों को कोचिंग संस्थान में बदलने के लिए भवन उपनियमों का उल्लंघन किया गया है।

# राहुल के जन्मदिन पर खास तैयारी, कांग्रेस मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर

### शुभकामनाएं मिलीं

**"निडर नेता, प्यार की राजनीति के सच्चे ब्रांड एंबेसडर, यंग इंडिया की प्रेरणा को जन्मदिन की शुभकामनाएं"**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आज अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ऑफिस के बाहर कई पोस्टर लगाए गए हैं। दफ्तर के बाहर लगे पोस्टरों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को मोहब्बत का रखवाला बताया है तो किसी ने उन्हें भारत का तपस्वी पंडित बताया है। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने नई दिल्ली में 5 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा निकालने की भी योजना बनाई है। कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अपने नेता को बधाई दी।

इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने ट्वीट किया, "हर समय के सबसे साहसी और निडर नेता, प्यार की राजनीति के सच्चे ब्रांड एंबेसडर, यंग इंडिया की प्रेरणा को जन्मदिन की शुभकामनाएं।"

## प्रेम नगर में पंखे से झूलता मिला युवती का

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रेम नगर इलाके में किशोरी ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।किशोरी की पहचान शबाना के रूप में हुई है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

**एक हफ्ते पहले ही किराये पर रहने आया था परिवार:** शबाना परिवार के साथ प्रेम नगर के सी ब्लाक में रहती थी। उसके माता पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। परिवार करीब एक हफ्ते पहले ही किराये के मकान पर रहने आया था। शनिवार शाम जब शबाना के माता पिता घर लौटे तो शबाना फंदा लगाकर पंखे से लटकी हुई थी। इसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज

# झमाझम बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत

**न्टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली**-एनसीआर में सोमवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। बारिश की वजह से तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई। वहीं, दोपहर करीब तीन बजे तेज आंधी शुरू हो गई। मौसम विभाग की मानें तो 22 जून तक तापमान 38-39 डिग्री के बीच व न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री के बीच बना रहेगा।

**शनिवार को भी बदला था मौसम:** गुजरात में बिपरजॉय चक्रवात का असर भले ही कम हो गया है, लेकिन शुक्रवार से इसका व पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली-एनसीआर में भी देखने को



मिला। शनिवार को भी शाम को दिल्ली में मौसम का मिजाज बदला। तेज आंधी के साथ कुछ इलाकों में बारिश हुई। इससे लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की। इससे पहले शुक्रवार को भी दोपहर बाद मौसम ने करवट ली थी। शनिवार को सुबह से शाम तक बादलों व धूप की लुकाछिपी चलती रही। अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पीतमपुरा में 40.5, पूसा में 40.4 और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 40 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जबकि अन्य इलाकों में तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रहा। मौसम विभाग के अनुसार, हल्की बारिश 19 जून तक होगी। इस दौरान 35-45 किलोमीटर प्रतिघंटे की

### भीषण गर्मी ...

**दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली**

रफ्तार से तेज हवा चलेगी। 22 जून तक तापमान 38-39 डिग्री के बीच व न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री के बीच बना रहेगा।

बारिश के बाद दिल्ली के कई इलाकों में लगा जाम
दिल्ली में सुबह हुई बारिश के बाद कई जगहों पर ट्रैफिक जाम की खबरें आई। सुबह के वक्त लोग घरों से ऑफिस के लिए निकले। जिसके साथ ही दिल्ली एनसीआर में बारिश की वजह के ट्रैफिक की रफ्तार कम हो गई। दिल्ली के महिपालपुर में ट्रैफिक की रफ्ता थम गई।

# अमेरिका के चार पीडितों को पुलिस लौटा रही ठगी की रकम




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई), अमेरिका की मदद से मैक्सिको से देश के टॉप-10 गैंगस्टर में शुमार दीपक बॉक्सर को गिरफ्तार कर इतिहास रचा था। वहीं, अब दिल्ली पुलिस एक और इतिहास लिखने जा रही है। दिल्ली पुलिस अमेरिका के चार पीड़ितों को ठगी गई रकम को वापस दिलवा रही है। अमेरिकी नागरिकों से ठगने वाले चार आरोपियों ने बरामद 96 लाख कोर्ट में जमा कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के आईएफएसओ के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने कहा कि पुलिस ठगी की रकम को पीड़ितों को लौटा रही है। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि दिल्ली पुलिस विदेशी पीड़ितों को उनकी रकम लौटवा रही है। देश की सुरक्षा एजेंसियां इंटरपोल व भारत सरकार के जरिये एफबीआई से रकम लौटाने की प्रक्रिया को लेकर लगातार संपर्क में हैं। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आईएफएसओ में तैनात एसीपी जयप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर अवधेश, एसआई हरजीत, एएसआई नजरी व सुरेंदर, व हवलदार धर्मेंद्र व मोहित की टीम ने अमेरिका नागरिकों से ठगी करने वाले चार आरोपियों जनकपुरी निवासी गगन लांबा, उसका छोटा भाई जतिन लांबा, रोहिणी निवासी हर्षद मदान और फरीदाबाद, हरियाणा निवासी विकास गुप्ता को दिसंबर, 2022 में गिरफ्तार किया था। ये लोग उत्तम नगर में कॉल सेंटर चलाकर अमेरिकी नागरिकों से ठगी कर रहे थे। काफी संख्या में अमेरिकी नागरिकों से हुई ठगी के बाद दिल्ली पुलिस ने एफबीआई से संपर्क किया। एफबीआई के जरिए दिल्ली पुलिस को चार पीड़ित अमेरिकी नागरिकों को पता लगा। एफबीआई ने इन पीड़ितों से पूरी पूछताछ कर दिल्ली पुलिस को जानकारी दी।

### इतिहास लिख रही

**अमेरिकी नागरिकों से ठगने वाले चार आरोपियों ने बरामद 96 लाख कोर्ट में जमा कर दिया है**

# पंजाबी बाग से राजा गार्डन के बीच जाम से मिलेगी निजात

## पीडब्ल्यूडी दो वन-वे सिंगल फ्लाईओवर को बना रहा डबल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नए साल में** रिंग रोड पर पंजाबी बाग से राजा गार्डन के बीच वाहन चालकों को जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। यहां पर दो-दो लेन के दो फ्लाईओवर को वन-वे सिंगल से डबल किए जा रहे है। इसके अलावा दोनों फ्लाईओवर के दोनों ओर तीन-तीन लेन बनाई जा रही है। लिहाजा यहां पर दोनों फ्लाईओवर नए सिरे से तैयार किए जा रहे है। फ्लाईओवर बनने के बाद पंजाबी बाग से राजा गार्डन के बीच करीब डेढ़ किलोमीटर रास्ता पूरी तरह जाम मुक्त हो जाएगा। इन दोनों फ्लाईओवर का निर्माण कार्य इस साल के अंत



तक पूरा करने की अवधि तय की गई है। इस परियोजना पर करीब 350 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। पीडब्ल्यूडी पंजाबी बाग में रिंग रोड में बसई दारापुर स्थित ईएसआई अस्पताल से पंजाबी बाग क्लब रोड तक छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कर रही है। यहां अभी तक दो लेन का वन-वे सिंगल फ्लाईओवर था। इस वन-वे सिंगल फ्लाई ओवर को तोड़ दिया गया है। वहीं, पंजाबी बाग में मोती नगर वाले चौराहे पर राजा गार्डन की ओर जाने वाली लेन पर वन-वे सिंगल फ्लाईओवर बना रखा था, मगर अब यहां पर वजीरपुर की तरफ जाने की ओर भी फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इसके अलावा राजा गार्डन की ओर जाने वाले फ्लाईओवर को दो से तीन लेन का बनाया जा रहा है।

### मिलेगी राहत

**वन-वे सिंगल से डबल किए जा रहे है। इसके अलावा दोनों फ्लाईओवर के दोनों ओर तीन-तीन लेन बनाई जा रही है**

# कार के विवाद में दो भाइयों ने युवक को पेट्रोल डाल जलाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के न्यू उस्मानपुर में कार के विवाद में दो भाइयों ने युवक को पेट्रोल डालकर जला दिया। पीड़ित ने किसी तरह कपड़े उतारकर जान बचाई। बाद में वह खुद ही ऑटो में सवार होकर जग प्रवेश चंद अस्पताल पहुंचा, जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित संजय सिंह (45) के बयान पर आरोपी संदीप और अमित के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मूलरूप से राजस्थान निवासी संजय ने बताया कि वह परिवार के साथ इंदिरा विकास कॉलोनी, गांव सिलोकरा, गुरुग्राम में रहता है। उसने गुरुग्राम में अजीत से कार खरीदी थी। उसे पता चला कि कार न्यू उस्मानपुर निवासी संदीप जैन के नाम पर है। कार अपने नाम ट्रांसफर करने के लिए संजय ने संदीप से बात की तो उसने कहा कि अजीत के पास उसके 60 हजार रुपये बकाया हैं। उसके पैसे देकर कार अपने नाम करा लो। संजय ने 60 हजार रुपये संदीप को दे दिए। संदीप ने 15 दिन में कार ट्रांसफर करने की बात की। इस दौरान संजय किसी काम से मनाली चला गया।

# सावित्री देवी हसीजा मर्डर केस: 9 वर्षों बाद भी राज बना हुआ है ...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** पटेल नगर में 9 साल पहले हुए सावित्री देवी हसीजा के मर्डर केस को दिल्ली पुलिस के लिए एक रहस्य बना हुआ है। पुलिस ने इस मामले में प्रॉपर्टी और चोरी की कोशिश के दौरान हत्या का मामला समझकर जांच शुरू की थी, लेकिन कई तथ्यों पर पुलिस गुत्थी अभी तक उलझी हुई है। बात 18 जून साल 2014 की है जब सावित्री देवी अपने पटेल नगर घर पर अकेली थी। उनका व्यापारी बेटा कंवल अपनी दुकान पर था और उनकी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ अपने माता-पिता के घर मोती नगर गई हुई थी।

**वारदात वाले दिन क्या हुआ?**
हर रोज की तहत कंवल के पास काम करने वाला अमर दोपहर को उनका खाना लेने आता है। इसके बाद सावित्री रोने चली जाती है, लेकिन शाम को जब करीब साढ़े छह




बजे कंवल घर लौटता है तो वह अपनी मां को अपने गले में दुपट्टे के साथ बेसुध मिली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि गले घोंटने के निशान के अलावा सावित्री के शरीर पर भी कई चोट के निशान थे, जिससे मालूम होता है कि आरोपित के हमला करने के दौरान उनकी हाथापाई हुई है। जांच टीम को फ्लैट का ताला टूटा हुआ नहीं मिला था, जिसको लेकर कहना था कि हमला करने वाला व्यक्ति हसीजा का जानकार हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कंवल के साथ काम करने वाले अमर के पूछताछ की गई, लेकिन वारदात में उसकी संलिप्तता के कोई सुबूत नहीं मिले।

**अनजान लोगों के लिए नहीं खोलती थीं दरवाजा:** कुछ पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि वह कुछ वक्त पहले ही 6 महीने बाद अमेरिका से लौटी थी और उन्होंने अपनी बेटियों के साथ रहने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस ने महिला के बेटे कंवल से भी पूछताछ की और उसके मोबाइल की लोकेशन की भी जांच की थी। वहीं, उनके रिश्तेदार और पड़ोसियों ने बताया कि वह आमतौर पर किसी भी अजनबी व्यक्ति के लिए दरवाजा नहीं खोलती थीं। एक जांच अधिकारी ने बताया था कि सावित्री के पति सुभाष चंद हसीजा की कुछ सालों पहले मौत हो गई थी। उनकी बेटियां अमेरिका और यूरोप में रहती हैं, लेकिन वह अपने बेटे के साथ रहती थी। पुलिस ने मामले की जांच के लिए दो संपत्ति और लूट की कोशिश के दौरान हत्या का एंगल रखा था जो आगे चल कर गलत साबित हुआ और सुबूत के अभाव में यह मामला जल्द ही ठंडे बस्ते में चला गया।

### मामले से जुड़ी प्रमुख जानकारियां...

- सावित्री देवी पटेल नगर में अपने बेटे-बहू और उनके दो बच्चों के साथ फ्लैट में रहती थीं
- उसके पति सुभाष चंद हसीजा की कुछ सालों पहले मौत हो चुकी थी।
- सावित्री की एक बेटी यूएसए और दूसरी बेटी यूरोप में रहती हैं, जबकि वह दिल्ली में अपने बेटे के साथ रहती थी।
- वारदात के वक्त वह घर में अकेली थीं।
- उनका बेटा दुकान गया हुआ था और बहू मायके गई हुई थी।
- बेटे की दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी दोपहर में लंच लेने आया था।
- उसका बेटा शाम साढ़े छह बजे घर लौटा तो उसने अपनी मां को मृत पाया

## न्यूज फ्लैश

### विद्युत शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**मथुरा।** कोसीकलां में बिजली के शॉर्ट सर्किट से रविवार की रात लगी आग से एक मकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। इससे पीड़ित को करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस और फायरकर्मियों ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सब कुछ खाक हो गया। शहर के नंदगांव रोड स्थित 30 फुटा रोड निवासी प्रेमपाल सिंह पुत्र राधेलाल के मकान में शॉर्ट सर्किट से उस समय आग लग गई जब घर पर कोई नहीं था। पडोसियों ने घर से तेज धुआं का गुबार उडता देख इसकी सूचना पुलिस और फायर कर्मियों को दी। आग विकराल रूप ले चुकी थी। सूचना के करीब आधा घंटे बाद पहुंचे फायरकर्मियों ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक कमरे रखा सारा जलकर खाक हो चुका था। आग लगने से प्रेमपाल सिंह का करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीडित ने जिला प्रशासन ने आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की है।

### एचएमए एग्रो का आईपीओ मंगलवार, 17 जून 2023 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एचएआईएल) एचएमए ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी है। यह समूह चार दशकों से अधिक समय से मांस उद्योग में है। कंपनी के पास भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस है। पब्लिक ऑफर में 150 करोड़ रुपये तक के शेयर ("फ्रेश इश्यू") और अपनी हिस्सेदारी बेच रहे शेयरधारकों के 330 करोड़ रुपये तक का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। दोनों को मिलाकर कुल आईपीओ 480 करोड़ रुपये का है। ऑफर के लिए प्राइस बैंड 555 - 585 रुपये प्रति इक्विटी शेयर है। बोली या ऑफर शुक्रवार 23 जून 2023 को बंद होगा। इस ऑफर के लिए एंकर या मुख्य निवेशक इसके खुलने से एक दिन पहले यानी सोमवार, 19 जून 2023 को अपनी बोली लगा सकेंगे। एचएमए एग्रो वर्तमान में भारत से फ्रोजन या भैंस (बुफेलो) के मांस उत्पादों के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है, जिसकी भारत के फ्रोजन बुफेलो के मांस के कुल निर्यात में 10% से अधिक की हिस्सेदारी है।

एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और पूर्णकालिक निदेशक गुलजार अहमद ने कहा, "हम एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लॉन्च करने के लिए उतसाहित हैं, जो भारत की पहली फ्रोजन भैंस के मांस का निर्यात करने वाली कंपनी है। कंपनी भारत से तीन प्रमुख भैंस मांस निर्यातक कंपनियों में से एक है और बढ़ती मांगों के साथ लगातार प्रगति कर रही है। इसने निर्यात के लिए अन्य कृषि उत्पादों को भी अपनी पेशकश में शामिल किया है।" इस ऑफर के एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर आर्यमन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड हैं। बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इश्यू का रजिस्ट्रार है।

यहां उपयोग किए गए लेकिन परिभाषित नहीं किए गए सभी पूंजीकृत शब्दों का वही अर्थ होगा जो सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों पर उपलब्ध 05 जून, 2023 के ऑफर दस्तावेज में उनके लिए बताया गया है।

### पूनावाला फिनकॉर्प के नए 'बोमन की प्यारी' कैंपेन की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड (पूर्व में मैग्मा फिनकॉर्प) साइरस पूनावाला समूह द्वारा प्रवर्तित एक प्रमुख नॉन-डिपॉजिट टेकिंग एंड नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनडी-एसआई-एनबीएफसी) है। पूनावाला फिनकॉर्प ने फादर्स डे के मौके पर एक नया अभियान 'बोमन की प्यारी' लॉन्च किया है। यह अभियान अपने बच्चों के लिए पिताओं के प्रयासों को सलाम करने के लिए शुरू किया गया है। अभियान के लिए एक वीडियो बनाया गया है जिसमें मशहूर अभिनेता साइरस ब्रोचा हैं, जो टीवी शो के जरिए हर घर में पहुंचे हैं। यह एक शार्ट फिल्म है जो उन संघर्षों, कठिनाइयों और बलिदानों को दिखाने की कोशिश करती है जो पिता अपने बच्चों की खुशी के लिए दूसरों को बताए बिना करते हैं। शॉर्ट फिल्म को कंपनी के डिजिटल मीडिया पर रिलीज किया गया है। यह शॉर्ट फिल्म एक पिता के संघर्ष को उजागर करने की कोशिश करती है। इस शॉर्ट फिल्म में एक पिता और उसके बच्चों के बीच के रिश्ते को खूबसूरती से दशार्या गया है, जिसमें उन घटनाओं को दिखाया गया है, जो हर पिता ने कभी न कभी अनुभव की हैं। इस शॉर्ट फिल्म में एक युवक के पिता बनने तक के सफर को दिखाया गया है।स शॉर्ट फिल्म में एक पिता अपनी बेटी के कपकेक बिजनेस में टिके रहने के संघर्ष को देखता है। पिता उसकी मदद करने के लिए एक पल की भी ना सोचतें हुए अपनी बेहद प्यारी कार बेचने के लिए तैयार होते हैं। जब लड़की को इस बात का पता चलता हैं तब वह अपने पिता की कार को बेचे बिना इस स्थिति से उबरने के लिए एक नया विकल्प ढूंढती है। बेटी को पूनावाला फिनकॉर्प की कोलेटरल फ्री ऋण योजना से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है, जिससे उसे अपने पिता की प्रिय कार को भी बचाती है और अपने अपने व्यवसाय के ऋण भी जुटा लेती हैं। दिल को छू लेने वाला यह सफर बेटी के सपने को पूरा करते हुए पिता और उसकी लाडली बेटी के बीच के बंधन को और मजबूत करता है। यह शार्ट फिल्म यह उजागर करने का प्रयास करती है कि कैसे पूनावाला फिनकॉर्प की तारणमुक्त योजना दूसरों से अलग है और ग्राहकों के लिए काफी सरल आणि आसान हैं।

# शिक्षा की अलख जगाने के जुनून को मिला सम्मान

## सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा को किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**झुग्गी झोपड़ियों** में शिक्षा की अलख जगाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया। सतीश चंद्र शर्मा मलिन बस्तियों में शिक्षा की ज्योति जलाने के लिए अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष लगा चुके हैं। उन्हें सांसद मुकेश राजपूत एवं आईआरएस अमर पाल सिंह ने उन्हें एक कार्यक्रम में सम्मानित किया। सामाजिक संस्था लक्ष्य मथुरा इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर काउंसलिंग विषय पर बीएससी इंजीनियरिंग कॉलेज मथुरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा वर्ष 2008 से शिक्षा से वंचित झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले एवं गरीब परिवारों के सैकड़ों बच्चों को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है।शिक्षा से वंचित बच्चो को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने एवं सतत सामाजिक सेवा कार्यों की वजह से सामाजिक संस्था लक्ष्य द्वारा बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज मथुरा में प्रतिभा सम्मान समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता एवं किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सतीश चंद्र शर्मा को फरुर्खाबाद सांसद मुकेश राजपूत जी एवं अमर पाल सिंह( आई.आर.एस) द्वारा सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा संचालित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल सेंटर के माध्यम से लगभग 300 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य वॉलिंटियर्स की मदद से किया जा रहा है सतीश चंद्र शर्मा वर्ष 2010 से 2016 तक जिला बाल कल्याण समिति न्याय पीठ मथुरा के भी सदस्य रहे है तथा विभिन्न संस्थाओं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा नागरिक सुरक्षा संगठन मथुरा नेहरू युवा केंद्र मथुरा सर्व मंगलम सेवा संस्थान के माध्यम से सतत सामाजिक सेवा कार्य किए है और जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी के माध्यम से कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मानपाल सिंह, फरुर्खाबाद सांसद मुकेश राजपूत, आईआरएस अमर पाल सिंह, आईपीएस केपी सिंह निवर्तवान एआरटीओ ओपी राजपूत, मुख्य प्रबंधक लोकेश कुमार, एवं अन्य गणमान्य अतिथि एवं सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# साइकिलिंग क्लब एवं ट्राइसिटी ऑन पेडल्स के साथ की राइड

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**साइकिलिंग क्लब** अम्बाला एवं ट्राइसिटी ऑन पेडल्स चंडीगढ़ द्वारा मैत्री राइड साइकिलिंग क्लब अम्बाला एवं चंडीगढ़ के साईकल ग्रुप ट्राइसिटी ऑन पेडल्स के लिए दी ट्री हाउस फार्म, दप्पर, डेरा बस्सी द्वारा मैत्री राइड आयोजित की गयी` दोनों क्लब के लगभग 30 राइडर्स अपने-अपने शहर से 30 कि. मी. की दूरी तय करके दी ट्री हाउस फार्म पहुँचे। दी ट्री हाउस फार्म द्वारा सभी राइडर्स का भव्य स्वागत किया गया। दी ट्री हाउस फार्म अंबाला-चंडीगढ़ हाइवे पर एक उम्दा पिकनिक स्पॉट है, जहाँ हर उम्र के लोग परिवार और दोस्तों के साथ छुट्टी बिताने आ सकते हैं। राइडर्स ने फार्म पर खूब मस्ती की। दोनों क्लब के राइडर्स ने अपने साइकिलिंग के अनुभव साझा किये। ऐसा माना जाता है कि इस प्रकार की मीट-उप राइड्स साइकिलिंग समुदाय के लिए बहुत लाभदायक होती हैं। दी ट्री हाउस फार्म और उ्रह्रछअरळ कंपनी के मालिक ट१ ऋ्रॅ का आभार व्यक्त करते हुए, साइकिलिंग समुदाय को और बढ़ाने की इच्छा के साथ, अपने शहरों को सुन्दर बनाने की आशा के साथ विदाई ली। गोयल जी ने मानव वेलनेस को लेकर अपने विचार और अपने द्वारा किए गए कार्यों को साइक्लिंग क्लब के मेंबर्स के साथ साझा किए । साइकिलिंग क्लब अम्बाला इस प्रकार की गतिविधियां करता रहता है। क्लब सभी मीडिया चैनल्स पर मौजूद है।

# बिपरजॉय तूफान की एंट्री, अंबाला सहित 6 जिलों में हाई अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) हरियाणा में** बिपरजॉय तूफान की एंट्री हो चुकी है। अंबाला के आसपास जिलों में बीती रात तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। चंडीगढ़ मौसम विभाग ने अंबाला में भी येलो अलर्ट जारी करते हुए मंगलवार से गरज-चमक और तेज हवा के साथ 2 दिन तक बारिश होने की संभावना जताई है। आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक, 25 जून तक न्यूनतम तापमान 28-29 और अधिकतम तापमान 35-36 डिग्री सेल्सियस रहेगा। उधर, बिपरजॉय तूफान का राजस्थान में असर देखने के बाद हरियाणा में बिजली निगम अलर्ट है। निगम के अधीक्षक अभियंता केएस भोरिया ने अंबाला जिले में बिजली सप्लाई संबंधित समस्या के समाधान के लिए नंबर जारी किए हैं। भोरिया ने बताया कि बिजली निगम का टोल फ्री नंबर-1912,18001801550 और वॉट्सऐप नंबर 9815961912 जारी किया है।

गुजरात के बाद हरियाणा में बिपरजॉय की एंट्री हो गई। रविवार देर रात चक्रवात के कारण मौसम बदल गया। जिसके बाद 60 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से तेज हवाएं चलीं। अच्छी बात यह रही कि हवाओं से किसी प्रकार के नुकसान होने की कोई सूचना अभी तक नहीं मिली है। चंडीगढ़ मौसम विभाग ने आज भी अंबाला सहित 6 शहरों को ऑरेंज अलर्ट पर रखा है। इनमें कैथल, थानेसर, गुहला, पेहोवा, शाहाबाद, अंबाला शहर शामिल हैं। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि यहां गरज-चमक के साथ 60 किलोमीटर रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। मौसम विभाग के अनुसार बिपरजॉय का आंशिक असर दूसरे शहरों में भी दिखाई देगा, इसलिए वहां के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें कैथल, करनाल, नीलोखेड़ी, थानेसर, पेहोवा, शाहाबाद, अंबाला, बराड़ा, नारायणगढ़, पंचकूला शामिल हैं। यहां 40 किलोमीटर प्रति घंटे रफ्तार के साथ हवाएं चलेंगी।

### दिव्यांगजन के पास दुकानदार बनने का मौका

**मथुराः मुख्य** विकास अधिकारी मनीष मीना ने जनपद के समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दुकान संचालन एवं दुकान निर्माण के लिए क्रमशः रुपए 10000 का ऋण जिसमें 2500 अनुदान तथा 7500 ऋण की धनराशि एवं रुपए 20000 जिसमें 5000 अनुदान तथा 15000 ऋण की धनराशि चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर प्रदान की जाती है। आवेदनकर्ता द्वारा निम्नलिखित शर्तों का पूरा किया जाना अनिवार्य है जिसमे, आवेदक की स्थायी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो। जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छाया प्रति। आवेदक की आय शासन द्वारा निर्धारित गरीबी रेखा के दोगुने से अधिक न हो।

# मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी 16 जून को करेंगे राज्य स्तरीय प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) ग्रामीण सफाई** कर्मचारी यूनियन के प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिला प्रधान निर्मल सिंह की अध्यक्षता में सीटू कार्यलय में बैठक हुई। इसमें यूनियन के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान बसाउ राम ने मुख्य रूप से भाग लिया। वरिष्ठ उप प्रधान ने कहा कि कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगो को लागू करने के लिए गम्भीर नही है। वह न तो ग्रामीण सफाई कर्मचारी को पक्का कर रही है और न ही 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन ही लागू कर रही है। इससे गांव के सफाई कर्मचारियों में भारी रोष है। 16



जूलाई को करनाल में होने वाले राज स्तरीय प्रदर्शन के माध्यम से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का करने। पंचायत की बजाए सरकार के पे-रोल पर लेने। पक्के होने तक 26 हजार न्यूनतम वेतन देने। वेतन को महंगाई भत्ते के साथ जोड़ने। हर महीने की 7 तारीख तक वेतन का प्रबंध करने। पीएफ व ईएसआई के कार्ड व हिसाब-किताब देने। मृतक कर्मचारी के आश्रित को 5 लाख रुपए की सहायता व परिवार के सदस्य को नोकरी देने। काम के औजारों व वर्दी धुलाई का मासिक भत्ता देने। नामर्स अनुसार 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की भर्ती करने। ठेकेदारी प्रथा खत्म करने। बेगार प्रथा पर रोक लगाने की मांग सरकार से की जाएगी।

# कश्यप राजपूत सभा जिले की कमान धर्मवीर कश्यप के हाथ

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**रविवार को** अग्रवाल भवन, उझा रोड, सेक्टर 24 में कश्यप राजपूत सभा कुरुक्षेत्र की ओर से शपथ एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।आयोजन में समाज सेवी आर डी कल्याण व महन्त योगी रघुनाथ ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मबीर कश्यप देहरा ने पुष्पगुच्छ व फूलमालाओं से पगड़ी पहनाकर स्मृति चिन्ह से स्वागत किया। आयोजन में आये हुवे सभी उपस्थित जनों का ढोल नगाड़ों की थाप पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कश्यप राजपूत सभा से सुल्तान कश्यपव पूर्व सरपंच बाय बड़ौत ने महन्त योगी रघुनाथ को पुष्पगुच्छ, पगड़ी व



पटका पहनाकर अभिनंदन किया। वही मुख्यातिथि आरडी कल्याण का स्वागत राजेन्द्र कश्यप घरौंडा व कुरुक्षेत्र धर्मशाला प्रधान ओमपाल का स्वागत खड़क सिंह कश्यप, राजबीर कश्यप का स्वागत सुशील कश्यप सरपंच सनोली कला ने पगड़ी व पटका पहना कर किया। इन अवसर पर प्रधान ओमपाल कश्यप व राजबीर कश्यप ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मबीर कश्यप देहरा को नियुक्ति पत्र देकर अभिनंदन किया। मुख्यातिथि आरडी कल्याण ने जनसभा को संबोधित करते हुवे कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में हरियाणा दिन दूनी रात चौगनी उन्नति कर रहा है। जनता के विश्वास से स्पष्ट है कि 2024 में हरियाणा में बीजेपी की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मबीर देहरा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान धर्मबीर देहरा ने कहा कि संगठन की ओर से जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसका वह ईमानदारी से निर्वहन कर समाज में फैल रही कुरीतियों, नशाखोरी एवं शिक्षा में पिछड़ेपन को दूर करने के लिए कश्यप राजपूत सभा कुरुक्षेत्र के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र धर्मशाला से प्रधान ओमपाल कश्यप ने मंच के माध्यम से पानीपत जिला के समस्त कश्यप समाज को आमंत्रित करते हुवे बताया कि इस वर्ष 43वा. स्थापना दिवस एवं वार्षिक सम्मान समारोह 24 जून को कश्यप राजपूत भवन, कुरुक्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन में बुजुर्गों, उत्कृष्ट पर्दशन करने वाले कश्यप समाज के विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। जिसको लेकर उन्होंने मंच से सर्व कश्यप समाज को बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

वही कश्यप राजपूत सभा समालखा से प्रधान सुल्तान कश्यप ने समाज के युवाओं से आह्वान किया कि युवा नशे से दूर रहें व जो नशे का सेवन कर रहा है, उसे सही राह पर लाया जा सके,इसके लिए सभी प्रयास करें। उन्हें खेल गतिविधियों में भाग लेने के प्रति जागरूक किया।

### कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**मथुराः कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। राहुल गांधी के 53 वें जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेसियों ने केट काटकर एक दूसरे को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन की एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने राजनीति विरासत में पाई और अपने परिवार के लोगों का आतंकवाद की बलिवेदी पर प्राण उत्सर्ग होते हुए देखा। इस भाजपा की सरकार में किसान, व्यापारी, छात्र, महिलाएं,खिलाडी सभी असुरक्षित हैं महंगाई आसमान पर पहुंच चुकी है। आम आदमी परेशान हैं, उन सब से डटकर मुकाबला करने व हमें सबल नेतृत्व प्रदान करते हुए राहुल गांधी आज हमारे साथ मौजूद है, प्रदेश सचिव विनेश सनवाल ने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा किसी न किसी रूप में हैरान परेशान किया जाता रहा है, कभी उन्हें छद्म नाम या उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर देना ईडी का भय दिखाना पर वह निडर होकर लोकतंत्र बचाने के लिए इस देश के नागरिकों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में नवनिर्वाचित पार्षद संतोष पाठक, चैधरी धनंजय सिंह पार्षद अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर हरीश पचौरी, इंटक के रोशन लाल युवक कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, पूर्व सेवादल अध्यक्ष पंडित मनोज गौड़, डॉ आशुतोष भारद्वाज, भारत भूषण गौतम, दिनेश कुमार शर्मा, विनेश संनवाल ,प्रकाश, दीपक पाठक, प्रखर चतुर्वेदी, जगजीत, रविकांत एडवोकेट, मुकीम कुरैशी ,चौधरी किशन सिंह, यूनुस गाजी, आदि रहे, कार्यक्रम का संचालन बृजेश शर्मा एडवोकेट ने किया।

### आज सुनी जाएंगी बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) बिजली उपभोक्ताओं की** शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अंभियता यूएचबीवीएन कार्यालय में आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। सर्कल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन अम्बाला की अध्यक्षता के.एस. भोरिया अधीक्षक अंभियता करेंगे। सर्कल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधित केस न्यायालय में विचाराधीन है, जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है।

# तीसरे दिन भी रेहड़ी-फडी संचालकों का धरना जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** मे कपड़ा मार्किट के रेहड़ी-फडी वालों का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। रेहड़ी-फडी वाले अपनी मांग को लेकर लेकर 3 दिन से अंबाला शहर की कपड़ा मार्किट मे धरने पर बैठे है। और साथ ही जजपा प्रदेश प्रवक्ता की एंट्री से रेहड़ी-फडी वालों का मामला गमार्ता हुआ नजर आ रहा है। वहीं रेहड़ी-फड़ी वालों की ओर से अपने धरने को अनिश्चितकाल करने की घोषणा की गई है।

जिसके बाद से रेहड़ी-फड़ी वालों का धरना दिन रात जारी



रहेगा। वहीं मीडिया से बातचीत करते हुए रेहड़ी-फडी संचालको का कहना है जब तक हमारी माँग नही मानी जाती तब तक धरना जारी रहेगा, और अगर हमारी माँग नही मानी जाती तो जल्द ही रेहड़ी-फड़ी वाले भूख हड़ताल पर बैठ जायेंगे।

धरने पर मौजूद जजपा प्रवक्ता विवेक चौधरी कहा हमारा धरना 3 दिन से शांति पूर्वक चल रहा है लेकिन समय समय पर धरने का माहौल खराब करने की कोशिश की गई और रोडवेज पर निशाना साधते हुए कहा कि रोडवेज को ये नही पता की क्या करना है क्या नही, रोडवेज ने एक दिन दो चिठीयां लिखी और फिर अगले दिन फिर चिठ्ठी लिखी और रोडवेज अपने ही ब्यानो मे उलझ गए है और ग्रीन बेल्ट को अवेध पार्किंग बनाने का काम किया। आज विवेक ललाना ने अपनी प्पत्नी के लैटर हेड पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को एक पत्र दिया है। जिसमें उन्होनें रेहड़ी फड़ी संचालकों को उचित स्थान देने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होनें बस के तीसरे गेट के अंदर बने अवैध रास्ते को बंद करने की भी शिकायत दी है।

# साइकिल यात्रा में उमड़ा भारी जनसैलाब...

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**पेंशन बहाली** संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान नरेश फूले की अध्यक्षता में पेंशन संकल्प साइकिल यात्रा कुरुक्षेत्र पहुँचने पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति के राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल, महासचिव ऋषि नैन व साइकिल यात्रा में शामिल पूरी टीम का भव्य स्वागत किया गया। पेंशन संकल्प साइकिल यात्रा 2 जून नांगल चौधरी से हरियाणा के सभी जिलों से होती हुई आज कुरुक्षेत्र पहुची। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू करवाना है। इस यात्रा को आम जनमानस व पंचायतों व खापों व सभी कर्मचारियों का भी समर्थन मिल रहा है। एक सरकारी कर्मचारी 25 से 30 वर्ष अपना जीवन सरकारी सेवा में लगा देता है। बुढ़ापे में पेंशन ही एक



कर्मचारी का सामजिक सम्मान व आर्थिक निर्भर बना सकती है। ढढर को सरकार नई पेंशन का नाम दे रही है जबकि पेंशन जैसा इसमें कुछ भी नहीं है। सेवानिवृत्त होने के बाद कर्मचारी द्वारा जो पैसा जमा करवाया गया है, उस 40% राशि का केवल ब्याज प्रदान किया जाता हैं, जो 1200 रुपए, 1400 रुपए ही मिलता हैं। कर्मचारी के द्वारा अपना 10% व सरकार द्वारा अभी 14% शेयर जमा पेंशन के लिए ये पैसा ढढर के अंदर शेयर बाजार में जमा करवाया जाता है जो कभी भी डूब सकता है। भारत में एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना की गई है। सभी विधायक व सांसद खुद पुरानी पेंशन ले रहे है, जबकि कर्मचारियों को भटकने के लिए शेयर बाजार पर आधारित व्यवस्था पर छोड़ दिया गया है। नई पेंशन में चिकित्सा भत्ता व इलाज की सुविधा तक उपलब्ध नहीं है जिसकी बुढ़ापे में सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। अब हरियाणा के 1% कर्मचारी जाग चुके है। यदि हरियाणा सरकार पुरानी पेंशन लागू नही करती है तो अब हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक की तरह हरियाणा के सभी कर्मचारी अपने रिश्तेदारों के साथ, आम जनमानस के साथ अपना वोट केवल पुरानी पेंशन के लिए करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सभी संगठन, रोडवेज विभाग, बिजली विभाग, आईटीआई, कॉलेज, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र, स्वास्थ्य विभाग, पब्लिक हेल्थ, डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन व अन्य सामाजिक संगठनों ने भाग लिया।

जिला संरक्षक डॉ रवि दत्त शर्मा, जिला महासचिव महेंद्र शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ राणा, कोषाध्यक्ष रामनाथ, जिला उपाध्यक्ष मोनिका भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष बिजली विभाग यशपाल शर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप शर्मा, प्रेस प्रवक्ता अमरजीत पांचाल, आईटी सेल प्रमुख अनिल सैनी, थानेसर प्रधान प्रदीप राणा, शाहबाद प्रधान सतीश कुमार, पेहवा प्रधान मुकेश वत्स, लाडवा प्रधान कविता, बाबैन प्रधान पिंटू राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान रामकुमार गुर्जर, महासचिव अनिल लोहट,कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के प्रधान डॉ आनन्द कुमार,महासचिव डॉ जितेंद्र खटकड़ करनैल सिंह, मुकेश शर्मा, रघुवीर सिंह, दारा सिंह, जितेन्द्र सैनी, जितेन्द्र जीतू, मुकेश कुमार व हजारों की संख्या में कर्मचारी व जन मानस इस यात्रा में जुड़े।

# बृज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह ने मुख्यमंत्री के दौरे से पहले ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ 24 जून को जिले में महासंपर्क महाभियान के तहत जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला और महानगर इस जनसभा की व्यवस्था देखेंगे। सेठ वीएन पोद्दार इंटर कालेज में होने वाली. जनसभा के लिए बृज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य एवं जिला प्रभारी अनिल चैधरी और ब्रज क्षेत्र महामंत्री नागेंद्र सिकरवार ने जिला व महानगर पदाधिकारियों के साथ माधव मुस्कान होटल में बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारियों पर मंथन



हुआ। वही क्षेत्र अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य ने बताया 24 जून को मुख्यमंत्री शाम चार बजे जनसभा को संबोधित करने आएंगे। महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया 19 जून को होने वाले लाभार्थी सम्मेलन की जिम्मेदारी महानगर उपाध्यक्ष चंद्रपाल कुंतल एवं महामंत्री राजू यादव को दी गई वही मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया 21 जून को योगा दिवस के कार्यक्रम संयोजक सुनील चतुर्वेदी को बनाया गया।

# मेट्रो की मांग को लेकर लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली नरेला** बवाना मेट्रो कॉरिडोर पर जल्द काम शुरू करवाने की मांग को लेकर रिठाला बवाना नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की उपस्थिति में सांसद हंसराज हंस व भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से मिलकर ज्ञापन सौंपा और कहा की नरेला में मेट्रो आने से विकास कार्यों में तेजी आएगी। नरेला बवाना तक मेट्रो लाने की मांग लोग लंबे समय से कर रहे हैं।





हालांकि इस प्रपोजल को लेकर डीडीए ने भी अपनी रूचि दिखाई और 130 करोड़ रुपए डीएमआरसी को जारी भी कर दिए। इसके बाद भी नरेला बवाना मेट्रो कॉरिडोर पर काम शुरू नहीं हो सका है इसे लेकर लोगों में खासा रोष है। लोगों का कहना है कि नरेला में मेट्रो न आने से विकास कार्य रुके हुए हैं। डीडीए के करीब 25,000 फ्लैट भी नहीं बिक पा रहे हैं। केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार की आपसी खींचतान का खामियाजा नरेला के लोग भुगत रहे हैं। नरेला बवाना मेट्रो कॉरिडोर पर जल्द काम शुरू करवाने की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रही रिठाला बवाना-नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति ने नरेला बवाना कॉरिडोर पर जल्द काम शुरू करवाने की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की उपस्थिति में जिला उत्तर पश्चिम सांसद हंसराज हंस व भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

इस संबंध में सांसद हंसराज हंस ने आश्वासन दिया कि वह केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी से मुलाकात कर नरेला बवाना मेट्रो कॉरिडोर पर जल्द काम शुरू करवाने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में हेमराज बंसल, राजेंद्र सिंघल, एनडी अरोड़ा, प्रदीप मंगला, हाजी अब्बास अली, मनोज बंसल, दयानंद वत्स, रियासत अली, डॉ रजनीश गुप्ता मौजूद रहे।



अमालेस साहित्यिक संस्था के पंचम वार्षिकोत्सव के दौरान सम्मानित होते हुए कवि जगदीश मीणा व अन्य।

## गरीब व वंचितों की सभी को करनी चाहिए सहायता: उमेश साहू

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व वंचितों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीबों का भी कल्याण हो सके। गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के भागीदार बने और गरीबों की मदद करें। जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उक्त बातें समाजसेवी उमेश साहू ने कही। उन्होंने आगे बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सत्य की



डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता ही रहता है, वह एक दिन अवश्य ही कामयाब होता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।



बुनकर कॉलोनी में कबीर साहब का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आप नेता सुरेश शर्मा ने किया कार्यों का निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के जहांगीरपुरी वार्ड में आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। सुरेश शर्मा ने नालो की सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया और उन्होंने कहा कि हमारा पूरा प्रयास है कि बारिश से पहले बंद पड़े नालो को खुलवा दिया जायगा। इस अवसर पर लखमी पाल, अनुज सिंह के अलावा वार्ड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। आप नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि अगर कोई क्षेत्र का व्यक्ति परेशान है तो वह निगम कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने आप नेता सुरेश शर्मा को कई समस्याओं से अवगत कराया।

## 'आदिपुरूष फिल्म को तत्काल बैन किया जाये'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली यूनाइटेड** हिंदू फ्रंट व राष्ट्रवादी शिवसेना की ओर से आदिपुरुष फिल्म में भगवान राम, मां सीता व हनुमान जी का रामायण के तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर दिखाने व अभद्र भाषा का प्रयोग कर लाखों करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने के विरोध में फिल्म को तत्काल रोके जाने की मांग को लेकर विकास सिने मॉल, नवीन शाहदरा पर जोरदार प्रदर्शन किया गया व फिल्म को बीच में ही रूकवा दिया गया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रवादी



शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल जी कर रहे थे। श्री गोयल ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदिपुरूष फिल्म के द्वारा खुलेआम रामायण का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस तरह की फिल्म बनाने वाले निमार्ता, निर्देशक आदि अन्य लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए जो करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं से खिलवाड़ व सनातन धर्म का अपमान अपनी फिल्म की टीआरपी बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। श्री गोयल ने कहा कि इस फिल्म के फूहड़ डॉयलॉग व सीन इस फिल्म से जब तक हटाए नहीं जाते तब तक इस फिल्म को पूरे देश में बैन किया जाये। श्री गोयल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हमारी उपरोक्त मांगे नहीं मानी गई तो इस फिल्म का हाल भी फॉयर फिल्म जैसा ही होगा।




कन्हैया नगर रेजीडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ त्रीनगर द्वारा लगाये गये हेल्थ चेकअप कैंप के दौरान निगम पार्षद मीनू विरेन्द्र गोयल व अन्य पदाधिकारी।

## देश में विकास कांग्रेस पार्टी की देन: आदेश भारद्वाज

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया कांग्रेस** ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है।

उक्त बातें करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कही। श्री भारद्वाज ने कहा कि आज देश में अधिक महंगाई होने से देश की जनता को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दामों में काफी ज्यादा इजाफा



देखने को मिल रहा है, जिसके चलते आम जनता का घरेलू बजट बिगड़ रहा है और जनता परेशान को परेशान होना पड़ रहा है। सरकार को महंगाई कम करने की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।



आजादपुर वार्ड में निगम पार्षद सुमन शर्मा द्वारा टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ सहभोज किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लाल बाग में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ भव्य आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के लाल बाग स्थित रामलीला पार्क में जन सेवा फाउंडेशन, राजस्थान क्लब और लाल बाग पुर्नविकास मोहल्ला समिति की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर में आये हुए लोगों की डाक्टरों ने जांच कर उचित सलाह दी। इस दौरान आधार कार्ड कैंप का भी आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और भाजपा दिल्ली प्रदेश की सहप्रभारी डॉ. अलका गुर्जर ने किया। इस मौके पर समाजसेवी अशोक गोयल देवराहा, निगम पार्षद सुशील कुमार, पूर्व पार्षद सीमा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, हरीशंकर बाबू, देवेन्द्र, सुनील शुक्ला, ललिता देवी, चन्द्रकांत वर्मा, सुभाष देव, प्रकाश, पंचम, भागवत, ललता प्रसाद, पिंटू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि आज लाल बाग के रामलीला पार्क में बड़े ही भव्य रूप में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। मैं इसके लिए आयोजको का धन्यवाद करती हूं और सभी से कहना चाहती हूं कि सभी अपने स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच करवाते रहे।

# समयबद्ध सेवाओं में कोताही न बरतें विभाग: अनिल



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** विकास एवं पंचायत और हाउसिंग फोर ऑल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम लोगों को मिलने वाली सभी सरकारी सेवाओं को समय पर उन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक सेवा का समय निश्चित है और अगर इसमें कोई भी विभाग अथवा अधिकारी-कर्मचारी कोताही बरतता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई का भी प्रावधान है। श्री अनिल मलिक सोमवार को लघु सचिवाय के छठे तल स्थित कांफ्रेस हाल में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा मीटिंग आयोजित कर रहे थे। मीटिंग में पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, एचएसवीपी प्रशासक डॉ. गरिमा मित्तल, उपायुक्त विक्रम सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मीटिंग में निर्देश देते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने कहा कि जिला के सभी अधिकारी विभिन्न गांवों की चैकिंग करेंगे और देखेंगे कि सरकार द्वारा जो सुविधाएं गांवों में दी जा रही हैं उनका लाभ ग्रामीणों को पूरी तरह मिल रहा है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं गांवों में उपलद्बध हैं या नहीं यह भी देखा जाए। मीटिंग में डीडीपीओ को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिला के सभी गांवों में संबंधित अधिकारियों को भेजने के लिए दौरा कार्यक्रम सुनिश्चित करें और गांवों के सरपंचों से इन सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी लेंगे। मीटिंग में पुलिस आयुक्त ने बताया कि कई गांवों में स्कूलों में बच्चों को बैठने के लिए सही सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि पंचायत इस बारे में ध्यान देकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। इस तरह के गांवों की एक सूची भी तैयार कर उन्हें भेजी जाए। उन्होंने कहा कि गांवों में जितने भी शमशान घाट हैं उनमें यह देखा जाए कि शैड की व्यवस्था ठीक है या नहीं। अगर उन तक पहुंचने का रास्ता मुख्य रास्ते से दूर है तो वहां एप्रोच रोड भी बनवाई जाए। मंझावली गांव में आंगनवाड़ी में पेयजल, शौचालय व अन्य सुविधाओं पर मिली रिपोर्ट के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गांवों में आंगनवाड़ी सेंटरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। इसके साथ ही उन्होंने सीएम विंडों, एसएमजीटी, आरटीआई, आरटीएस सहित सभी जनता से जुड़े शिकायत पोर्टलों पर मिलने वाली सभी शिकायतों का समय से निपटान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निपटान नहीं किया जाता है उनकी सेकेंड अपील के लिए पोर्टल पर प्रावधान करने के निर्देश डीआईओ को दिए। उन्होंने सीएम विंडों पर स्कोर 9.6 होने पर जिला के अधिकारियों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का स्कोर कम है वह और ज्यादा मेहनत करें और इस स्कोर को और ज्यादा बेहतर करें। इस दौरान एक्साइज एवं टैकशेशन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिला में इस बार 33 प्रतिशत राजस्व की अतिरिक्त प्राप्ति हुई है।

इसके बाद पुलिस आयुक्त द्वारा कुछ स्थानों पर मिलावटी शराब की कार्रवाई की जानकारी

## नशा मुक्ति के लिए स्टेट एक्शन प्लान के लिए गंभीरता से लागू करें



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने कहा कि नशा मुक्ति के खिलाफ हमें मिलकर अभियान चलाना है। लोगों को जागरूक करने के लिए गांवों व वार्डों में जागरूकता अभियान चलाना है और नशा बेचने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी है। इसके लिए स्टेट एक्शन प्लान को गंभीरता से लागू करना होगा। पुलिस आयुक्त सोमवार को लघु सचिवालय में नशे के खिलाफ अभियान को लेकर स्टेट एक्शन प्लान की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नशा रोको अभियान चलाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्थान में पहला चुनाव फिर भी हिट रही आम आदमी पार्टी की रैली: अनुराग ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने बीजेपी की सिरसा रैली को फ्लॉप बताते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि सत्ता पक्ष की रैली में जनता, किसानों और मुख्य विपक्षी दल को बंधक बना कर रखा गया। हरियाणा में बीजेपी की सरकार होने के बावजूद अमित शाह की रैली फ्लॉप रही। वहीं सिरसा से महज 150 किमी दूर राजस्थान के श्री गंगानगर में आम आदमी पार्टी की रैली में पैर रखने की भी जगह नहीं थी। आम आदमी पार्टी का पहला चुनाव होने के बावजूद रैली हिट रही। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने लोगों को रोकने के तमाम हथकंडे अपनाए, लेकिन आम आदमी पार्टी के समर्थक और जनता ने रामलीला मैदान को खचाखच भर दिया। अपने लोकप्रिय नेता अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को सुनने के लिए जनता उमड़ पड़ी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने हरियाणा ने सत्ता में होते हुए भी सिरसा में किसानों, जनता और मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को बंधक बना कर सरकारी अमले में कुर्सियों को भर कर रैली को सफल साबित करने की कोशिश की। जबकि सिरसा में एक एक घर में काले झंडे और आम आदमी पार्टी के पोस्टरों ने गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पांच लेयर सुरक्षा और अनाज मंडी में शेड के नीचे भीड़ जुटने में ही भाजपा नेताओं के पसीने छूट गए। वहीं अमित शाह रैली में कोई घोषणा नहीं कर गए। उन्होंने चार साल पहले फरीदाबाद और पानीपत जिले में दिए भाषण की सिरसा में रिपीट किया। उन्होंने कहा कि ऐसा भी पहली बार हुआ है जब गृह मंत्री आए हों और पूरे शहर को छावनी में तब्दील कर दिया गया हो।

### प्रदेश के 812 योग सहायकों को मिलेगा प्रशिक्षण

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा में काम कर रहे 812 योग सहायकों को अब प्रशिक्षण देकर और दक्ष बनाया जाएगा। उन्हें प्रशिक्षित करने का जिम्मा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को सौंपा गया है। विश्वविद्यालय का मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग इसके लिए विशेष प्रशिक्षण का आयोजन करेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। यह योग सहायक हरियाणा के आयुष विभाग के अंतर्गत कार्यरत हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि विश्वविद्यालय रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) के अंतर्गत योग सहायकों को प्रशिक्षित करके उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान करेगा। यह योग सहायक हरियाणा के सभी 22 जिलों से संबंधित हैं। डॉ. राज नेहरू ने बताया कि आयुष विभाग के साथ श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा एमओयू साइन किया गया है। उसी के अंतर्गत इन योग सहायकों को प्रशिक्षित करने का दायित्व मिला है। इस प्रशिक्षण के लिए विश्वविद्यालय ने अनुभवी और योग्य प्रशिक्षकों का एक बड़ा पूल तैयार किया है।

### कैथल के आकाश बायजू के दो छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2023 में शानदार परिणाम हासिल किए

**कैथल ।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, कैथल शाखा के आकाश बायजू'एस के दो छात्रों ने प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2023 में प्रभावशाली परिणाम हासिल करके माता-पिता और संस्थान के पूरा स्टाफ गौरवान्वित किया है।



टॉप स्कोरर अदित जिंदल हैं जिन्होंने एआईआर 184 हासिल किया और आर्यन कौशिक ने एआईआर 565 हासिल किया। परिणाम आज आईआईटी गुवाहाटी द्वारा घोषित किए गए। जेईई क्रैक करने के लिए छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने, आकाश से पाठ्यक्रम सामग्री और कोचिंग को दिया । हम आभारी हैं कि आकाश ने दोनों में हमारी मदद की। वरना हम बहुत कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते," उन्होंने कहा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर श्री परमेश्वर झा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से कुल 1.8 लाख से अधिक छात्र जेईई (एडवांस्ड) 2023 के लिए उपस्थित हुए। उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ उनके माता-पिता के समर्थन की बात करती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। आकाश हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई पाठ्यक्रम प्रारूपों में जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है।

# 'ओपी धनखड़ और जेपी दलाल को भी सपने में नजर आने लगे हैं केजरीवाल'

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने सोमवार को सिरसा और ऐलनाबाद में प्रेस वार्ता की। उन्होंने सीएम खट्टर पर निशाना साधते हुए कहा कि रविवार को सिरसा में अमित शाह की रैली से पहले आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं, किसानों और सरपंचों को गिरफ्तार करके रखा गया। तो ये रैली किसके लिए थी, क्या पुलिस के जवानों को सिविल ड्रेस में बैठाकर गृहमंत्री का भाषण सुनाना था? उन्होंने कहा कि रैली में 5000 कुर्सियां रखी गई थी, 3:30 बजे तक 150 आदमी भी वहां नहीं थे। यह रैली गोहाना रैली की तरह फ्लॉप रही। जगह-जगह सिरसा के लोगों ने



मकानों पर काले झंडे लगाकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि रैली में सिरसा के लोगों ने गृहमंत्री से आम आदमी पार्टी के पांच सवाल पूछे। पहला सवाल था कि परिवार पहचान पत्र में जानबूझकर त्रुटियां की गई हैं। इनको गांव स्तर पर कैंप लगाकर कब तक ठीक किया जाएगा। दूसरा सवाल, सिरसा की नगर परिषद और नगर पालिकाओं से टेंडर राशि का 42 प्रतिशत बजट कमीशन के रूप में भाजपा के भ्रष्ट नेताओं और अधिकारियों द्वारा जबरन क्यों लिया जा रहा है। तीसरा सवाल, प्रॉपर्टी आईडी में बड़ा भ्रष्टाचार है। सीएम फ्लाइंग की रेड में सामने आया है कि सिरसा नगर परिषद में 1600 एनडीसी आवेदन पेंडिंग है। एनडीसी के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार पर गृहमंत्री अमित शाह से जवाब मांगा। चौथा सवाल, तहसील कार्यालयों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। जनता को अपने कामों के लिए रिश्वत देने के लिए मजबूर क्यों किया जाता है। पांचवें सवाल में सिरसा में नशे से प्रतिदिन हो रही मौतें और बड़े स्तर पर हो रहे कारोबार पर गृहमंत्री अमित शाह से जवाब मांगा। इनमें से एक भी सवाल का जवाब गृहमंत्री ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पहले भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बोल चुके हैं और रविवार को गृहमंत्री भी बोल कर गए कि सिरसा में नशा बहुत है। तो खट्टर सरकार ने अभी तक नशे का कारोबार कर रहे लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं की। क्या ये सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है? सीएम खट्टर जवाब दें कि ये नशे का कारोबार कब बंद होगा। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री ने सिरसा को मेडिकल कॉलेज की सौगात दी, जबकि 2022 में राष्ट्रपति ने सिरसा में मेडिकल कॉलेज का ऑनलाइन शिलान्यास किया था, आज तक एक ईंट भी नहीं लगी। खट्टर सरकार में जनता को सिर्फ सपने दिखाए जाते हैं, काम नहीं किए जाते। उन्होंने कहा कि रविवार को दो रैली हुई। एक सिरसा में गृहमंत्री अमित शाह की, जिसमें 5000 कुर्सियों को भरने के लिए भी पुलिस को सहयोग करना पड़ा। दूसरी रैली गंगानगर में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की, वहां पंडाल इतना भर गया कि लोगों को बाहर खड़ होकर एलईडी स्क्रीन पर देखना पड़ा। ये बदलाव का संकेत हैं, क्योंकि देश की जनता अरविंद केजरीवाल को चाहने लगी है। भाजपा अब देश से सिमटती जा रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता जेपी दलाल और ओपी धनखड़ कहते हैं कि आम आदमी पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं है, जब आम आदमी पार्टी का अस्तित्व ही नहीं है, तो फिर हमारे नेताओं को गिरफ्तार क्यों किया गया? उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा तीन विधायकों के साथ स्कूटर पार्टी बनी और पंजाब में दो विधायकों के साथ साइकिल पार्टी बन चुकी है।

# जयकारों के साथ रवाना किया अमरनाथ यात्रियों के लिए भंडारे का सामान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** प्साथियो हर वर्ष की तरह इस बार भी शिव शक्ति मानव सेवा दल बल्लबगढ़ की तरफ से अमरनाथ में तीर्थ यात्रा करने वालों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसे आज बल्लबगढ़ की तिरखा कॉलोनी से पूर्व मंत्री के भतीजे ओर युवा भाजपा नेता अमन गोयल ने पूजा पाठ के साथ झंडी दिखाकर राशन से भरे ट्रको को नागाकोटी कश्मीर के लिए रवाना किया । शिव शक्ति मानव सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया की 75 दिन तक



कश्मीर के नागकोटी में चलने वाले इस भंडारे में लाखों लोग प्रसाद ग्रहण करते है ओर पिछले 15 वर्षो से लगातार संस्था अमरनाथ यात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन सेवा भाव से करती आ रही है। इस बार संस्था द्वारा यह 16 वां विशाल भंडारा पूर्व मंत्री विपुल गोयल के सहयोग से किया जा रहा है और उससे पहले भी जो भंडारे हुए वो भी पूर्व मंत्री के सहयोग से पूर्ण हुए हैं।

## डीसी ने किया मनोचिकित्सक एवं नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण

**पानीपत:** डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को मॉडल टाऊन स्थित अरोड़ा मस्तिष्क एवं मनोरोग क्लिनिक व नशा मुक्ति केन्द्र पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्लिनिक में मरीजों के लिए बनें बैडरूमों, बाथरूम, मेडिकल स्टोर सहित संचालन प्रक्रिया का निरीक्षण किया।
डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने निरीक्षण के दौरान क्लिनिक में सफाई से सम्बंधित व भवन में अन्य खामियां पाए जाने पर क्लिनिक के संचालक व सम्बंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और कमियां दूर करने के निर्देश दिए।

# 'योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए अभियान शुरू'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कति विभाग के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल के निदेर्शों पर केंद्र व प्रदेश सरकार की पिछले नौ वर्षों की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सोमवार से एक माह का विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया। प्रचार अभियान के तहत विभाग की भजन मंडलियां व ड्रामा पार्टियां सभी गांवों व शहरी क्षेत्रों में आम लोगों तक सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करेंगे। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने सोमवार को इन सभी भजन मंडलियों व ड्रामा यूनिटों को



लघु सचिवालय से रवाना किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों व सरकार द्वारा लागू की गई गई विभिन्न जन हितैषी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को मिले इसके लिए विभाग की भजन पार्टियां व ड्रामा यूनिटें लगातार गांवों व शहरी क्षेत्रों में जाकर प्रचार करती हैं।

उन्होंने बताया कि इन योजनाओं में मेरी फसल मेरा ब्यौरा, ई खरीद पोर्टल, ई-नाम कृषि उपज मंडियां, किसान मित्र योजना, धान के स्थान पर अन्य फसलों जिनमें मक्का, कपास, बाजरा, दाल चना व चारा को प्रोत्साहित करने के लिए फसल विविधीकरण के तहत सात हजार रुपये की सब्सिडी, स्वामित्व योजना, अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, चिरायु कार्य, परिवार पहचान पत्र से मिलने वाले लाभ, हर घर नल से जल, चिरायु योजना सहित आमजन को लाभ देने के लिए शुरू की गई सैकड़ों योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए वन स्टाप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृत्व वंदना योजना, महिला हैल्पलाइन नंबर 181, किशोरी शक्ति योजना, कन्या कोष, एसिड अटैक से पीडित महिलाओं का पुर्नवास के अलावा विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी देंगे।

## 9वें अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस मैराथन को विधायक नरेंद्र गुप्ता ने दिखाई हरी झंडी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
प्फरीदाबाद विधानसभा से विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम पद्धति है। यदि हम नियमित रूप से योग करें तो निश्चित तौर पर निरोग रहेंगे। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में योग को एक नई पहचान दिलवाने के कार्य किया है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने यह शब्द आज सोमवार प्रातः 6 बजे स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में नौवें अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस की फाइनल रिहर्सल की अध्यक्षता करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि 9वें अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस से पहले आज सुबह 6 बजे खिलाड़ियों और स्कूली विद्यार्थियों जिला स्तर पर योग मैराथन की गई। यह मैराथन खेल परिसर सेक्टर-12 से शुरू होकर टाउन पार्क, कन्वेंशन हाल से सैक्टर-11,सैक्टर- 10 रोड़ होते हुए लघु सचिवालय और न्यायिक परिसर से गुजर कर वापिस खेल परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान यातायात पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल के लिए मुस्तैद रही।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 9वें योग दिवस का आयोजन 21 जून को सुबह 6 बजे स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राजमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। खेल परिसर सेक्टर-12 के अलावा बल्लभगढ़ उपमंडल व बड़खल उपमंडल में पंकज सेतिया की अध्यक्षता में भी उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थी, खिलाड़ी, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग के कर्मचारी व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं काफी संख्या में इस रिहर्सल में भाग लिया।

योग दिवस के लिए शहर और जिला में पूरा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। फाइनल रिहर्सल में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, गणमान्य लोग सहित कई एनजीओ के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में 24 राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए: कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा आज सोमवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी गुजरान में महा जनसंपर्क अभियान के तहत जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे। इस कार्यक्रम में बड़खल के एसडीएम पंकज सेतिया, पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, ब्लाक समिति के चेयरमैन अनिल लौहिया, सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह लोहिया पूर्व चेयरमैन रामबीर सिंह, बीजेपी नेता आरएन सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। गांव वासियों में गांव पहुंचने पर परिवहन मंत्री का स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने जन संवाद कार्यक्रम में बल्लबगढ़ से धौज




वाया खेड़ी गुजरान रोडवेज बस चलाने के आदेश दिए। जन संवाद कार्यक्रम में गांव की तरफ से यह मांग रखी गई थी। वहीं पंचायती राज के एसडीओ को अधूरी जानकारी रखने पर फटकार लगाई गई। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि गांव जन संवाद कार्यक्रमों ना पहुंचने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी होंगे। बता दें कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार परिवहन खनन एवं भू-विज्ञान चुनाव तथा उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा गांव खेडी गुजरान में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। जहां गांव में लोगों की समस्याएं सुनकर कुछ समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जल्द होने वाले कार्यों को एसडीएम के दिशा-निर्देश पर तुरंत प्रभाव से पूरा किया जाएगा। वहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से सम्बंधित शिकायतें जन-संवाद कार्यक्रम लेकर मंत्री जी द्वारा रिकमैण्ड करके प्रदेश मुख्यालय में भेजी जाएंगी।
कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा राज्य सरकार द्वारा गत पौने नौ सालों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जन संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है।
परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी धन्यवाद जताया उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत की शान बढ़ाई है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने गांव खेड़ी गुजरान में पेयजल सप्लाई से जुड़ी, पक्की गलियों के निर्माण, बिजली के खम्भे, पुरानी तारें बदलने, रजवाहे की पटरी पक्की करने, गांव में राशन डिपु खोलने सहित सभी मांगो को यथा शीघ्र पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने परिवार पहचान पत्र के जरिये जरूरत मंद लोगो के आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को फ्री में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। गरीब परिवारों को परिवार पहचान पत्र के जरिये राशन कार्ड बना कर किफायती दर पर अनाज और दाले दी जा रही है। मैरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा रही है। वहीं भ्रष्टाचार खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा हरियाणा में 24 हाईवे बनाए जा रहे हैं। वहीं फरीदाबाद शहर में मुम्बई वडोदरा एक्सप्रेस, आगरा राष्ट्रीय राज मार्ग, जयपुर हाईवे,जेवर एयरपोर्ट से सीधी क्नैक्टीविटी करने सहित चार राष्ट्रीय राज मार्ग बनाने का काम किया गया है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम में ना पहुंचने वाले अधिकारियों को पर कड़ी कार्यवाही होगी।
वहीं एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव नेकपुर में प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा का लोगो ने जोरदार स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा लोगो के साथ जन संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इलाके के गणमान्य लोगों की मौजूदगी के मौके पर जन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं जिले के संबंधित अधिकारियों से दूर कराए जाएंगे और कुछ समस्याओं को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दरबार से हल कराएंगे।

हरियाणा सरकार



"दुखों से वियोग को, मुक्ति को ही योग कहते हैं। सबको साथ लेकर चलने वाली मानवता की ये योग यात्रा हमें ऐसे ही अनवरत आगे बढ़ानी है। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ, आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरी मानव जाति को आप सभी को बहुत बहुत शुभकामना।"


**- नरेन्द्र मोदी**

सामंजस्य एवं शान्ति के लिए योग

" वसुधैव कुटुम्बकम् के लिए योग "

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## की देशवासियों को शुभकामनाएं



## राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि

### श्री मनोहर लाल

मुख्यमंत्री, हरियाणा

**दिनांक** - 21 जून, 2023 **समय** - प्रातः 6 बजे से

**स्थान** - शिवाजी स्टेडियम, पानीपत

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**जिला व ब्लॉक स्तर पर भी होंगे कार्यक्रम**

योग अपनाएं, रोगों से मुक्ति पाएं

**" हर घर आंगन योग "**

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana